तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




सिविल लाइन थाने में रखे वाहन कबाड़ में तब्दील हो रहे।

## खबर संक्षेप

### श्री हनुमान महापाठ में पं. विजय शंकर का व्याख्यान कल

**बिलासपुर।** श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा 26 मार्च को महा अष्टी के अवसर पर शाम 6 बजे से महामाया मंदिर परिसर ग्राम नगोई बैमा में श्री हनुमान महा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रख्यात जीवन प्रबंधन गुरू पं. विजय शंकर मेहता का व्याख्यान होगा। इसका मुख्य विषय रामू सहज आनंद निधानू पर आधारित होगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। अंत में श्री अनुमान की आरती होगी। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू , डिप्टी सीएम अरुण साव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर विधायक अमर अग्रवाल, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी अतिथि होंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के संयोजक मनोज भंडारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील खंडेलवाल, महासचिव संजय रजक, संजय बुधिया, नारायण आवटी, रामकिशोर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, ललित पुजारा, चितरू अग्रवाल, महेश सुल्तानिया, प्रसन्न सिंह ठाकुर, अनंत बाजपेयी, जूही जैन आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।



### शासकीय पोल्ट्री से एक किलोमीटर के दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियां, चूजे-अंडे सबको नष्ट किया जाएगा

# बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 10 किमी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में बीते दिनों 5 हजार मुर्गे व मुर्गियों की मौत होने के बाद कारणों का पता लगाने भोपाल भेजे गए सैंपल की जांच में बिलासपुर में बर्ड फ्लू फैलने की पुष्टि कर दी गई है। इस रिपोर्ट के साथ ही शहर के चारों ओर दस किलोमीटर के क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है। कोनी स्थित प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे में रखे गए सारे मुर्गे, मुर्गियों, चूजे एवं अंडों को पूरी तरह नष्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

जिले में बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लुएंजा) की पुष्टि होने के बाद प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में संक्रमण की पुष्टि के बाद त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन भी किया जा चुका है। भोपाल स्थित लैब से पुष्टि के बाद प्रभावित क्षेत्र में कुक्कुटों एवं संबंधित सामग्री (दाना, अंडा, बोरी आदि) का नियमानुसार नष्टिकरण (किलिंग/कूलिंग) किया जाएगा। इसके लिए गठित टीम को 24 मार्च 2026 की शाम 7 बजे शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र, बिलासपुर में उपस्थित होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। गठित टीम में पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शामिल किया गया है, जो संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। यह पूरी कार्रवाई "एवियन इन्फ्लुएंजा एक्शन प्लान रिवाइज्ड 2011" के दिशा-निर्देशों के तहत की जाएगी। मुर्गियों की मौत के बाद कुक्कुट प्रक्षेत्र में आवश्यक जांच के लिए मंगलवार को रायपुर स्थित राज्य स्तरीय अनुसंधान कार्यालय से डा.नलिन शर्मा सहित दो विशेषज्ञों की टीम भी पहुंची थी।




#### 10 किलोमीटर दायरे में मुर्गे-मुर्गियों के आवागमन पर प्रतिबंध


सैकड़ों मुर्गियों की मौत, गुपचुप तरीके से दफनाई-जलाई गई

हरिभूमि में मंगलवार को प्रकाशित खबर।

कोनी स्थित कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र से दस किलोमीटर के दायरे में मुर्गे, मुर्गियों, चूजे व अंडों को नष्ट तो नहीं किया जाएगा, लेकिन इनके आवागमन को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। आवागमन प्रतिबंधित करने के पीछे किसी भी तरह के संक्रमण को फैलने से रोकना मुख्य उद्देश्य है।

### 33 घरों हो रहा है मुर्गीपालन, शेष का पता लगाने घर-घर होगा सर्वे

पशुपालन विभाग द्वारा हाल ही में पशु एवं पक्षियों की गणना के लिए डोर-टू-डोर सर्वे कराया गया था। इस सर्वे में शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र कोनी से एक किलोमीटर के दायरे में 33 मकानों में मुर्गीपालन करने की जानकारी प्राप्त हुई थी। ऐसे में इन घरों में तत्काल प्राथमिकता के आधार पर संक्रमित मुर्गियों को तत्काल नष्ट किया जा सकेगा। इसके साथ ही एक किलोमीटर के दायरे में हाल ही में मुर्गे-मुर्गियां व चूजे व अंडे रखने वालों का पता लगाने डोर टू डोर सर्वे कर उनके नष्टीकरण की कार्रवाई भी की जाएगी।





मंगलवार को कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र कोनी में जांच दल पहुंचा।

### की गई है बर्ड फ्लू की पुष्टि

भोपाल स्थित संस्थान मध्य भारत में मुर्गे व मुर्गियों में बर्ड फ्लू के संक्रमण की जांच करने वाला एकमात्र संस्थान है। उक्त संस्थान ने कुक्कुट प्रक्षेत्र कोनी में बर्ड फ्लू से ही मुर्गियों की मौत होने की पुष्टि कर दी है। ऐसे में शहर को हाई अलर्ट मोड में रखा गया है। प्रक्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे वाले मुर्गे, मुर्गियों चूजे व अंडों को पूरी तरह नष्ट किया जाएगा। इसी तरह सावधानी के तौर पर दस किलोमीटर के दायरे में इन पक्षियों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध भी लगा दिया गया है।

**- जीएस तंवर,** संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग



## संक्रमण फैलने से रोकने सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें - कलेक्टर

जिले में बर्ड फ्लू की पुष्टि होते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार की देर रात बर्ड फ्लू से प्रभावित कोनी क्षेत्र का संयुक्त दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की और मौके पर मौजूद स्वास्थ्य, पशुपालन एवं नगर निगम की टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी दौरे पर उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि संक्रमण को फैलने से रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसके लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद आवागमन पर नियंत्रण रखा जाए। साथ ही संक्रमित पोल्ट्री एवं पक्षियों के सैंपलिंग, किलिंग (कुलिंग) एवं सुरक्षित निपटान की प्रक्रिया वैज्ञानिक तरीके से सुनिश्चित की जाए। आसपास के क्षेत्रों में भी सतर्कता बढ़ाते हुए सघन निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाए तथा किसी भी संदिग्ध लक्षण पर तत्काल उपचार की व्यवस्था की जाए। पशुपालन विभाग को पोल्ट्री फार्मों की सतत निगरानी और आवश्यक प्रतिबंध लागू करने के लिए कहा गया।



■ कलेक्टर-एसएसपी ने कोनी क्षेत्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

### कंटेनमेंट जोन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए : एसएसपी

एसएसपी रजनेश सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंटेनमेंट जोन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाए और अनावश्यक आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर नियंत्रण रखते हुए लोगों को सही जानकारी उपलब्ध कराना भी जरूरी है। नगर निगम को क्षेत्र में स्वच्छता, सैनिटाइजेशन एवं अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।

# जेल से छूटने के बाद 40 बाइक में युवकों ने निकाली रंगदारी रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटने के बाद आरोपी के साथियों ने 40 बाइक में रंगदारी रैली निकाली, युवकों ने शहर व सरकण्डा क्षेत्र में आतिशबाजी कर, स्टिक राड, चाकू रखकर रंगदारी करते हुए जमकर हंगामा मचाया। सरकण्डा पुलिस ने जेल से छूटे आरोपी व उसके साथियों को पकड़कर तलाशी ली तो दो युवकों के पास चाकू मिला। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार फिर से सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

डेढ़ साल पहले लोयला स्कूल के पास छात्र व उसके भाई के साथ मारपीट कर चाकू से हमला करने के मामले में चिंगराजपारा निवासी हर्ष उपाध्याय जेल में बंद था। 23 मार्च को वह जमानत पर जेल से छूटा तो 30 से 40 बाइक में युवक उसे लेने गए थे। हर्ष उपाध्याय के जेल से बाहर निकलते ही फूलों की माला पहनाकर उसका स्वागत किया गया। उसके बाद युवक जेल से बाइक रैली निकालकर हंगामा मचाते हुए सरकण्डा चिंगराजपारा जा रहे थे। बाइक सवार युवक स्टिक राड व हथियार दिखाकर लोगों को डरा धमका रहे थे। जगह जगह बाइक रोककर आतिशबाजी कर रहे थे, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा था।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली तो वे स्टाफ के पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पास तैनात हो गए। दूर से पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर जेल से छूटे हर्ष उपाध्याय पिता मनो उपाध्याय 21 साल चिंगराजपारा सूर्या चौक निवासी को पकड़ा, उसके पास धारदार चापड़ मिला, इसी तरह उसके साथी डबरीपारा निवासी अजय साहू पिता अमित साहू 20 साल के पास से चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

#### हथियार सहित दो गिरफ्तार







■ हत्या के प्रयास के आरोपी के जेल से छूटने पर मनाया जश्न

■ जमकर आतिशबाजी कर मचाया हंगामा

### शहर की पुलिस नींद में

हत्या के प्रयास के मामले में जेल से छूटने के बाद उसके सहयोगी युवक पुलिस लाइन के सामने से रैली निकालते हुए शहर के अंदर हंगामा मचाते रहे, ये युवक 4 किलो मीटर दूर सरकण्डा पटवारी प्रशिक्षण केंद्र तक पहुंच गए। इस दौरान संबंधित क्षेत्र की पुलिस को रैली का भनक तक नहीं लगी। इससे समझा जा सकता है कि शहर के अंदर पुलिस क्या करती है। वास्तविकता यह है कि अंधेरा होने के बाद शहर के किसी कोने में पुलिस नजर नहीं आती है।

**फिर धोखा** प्रयागराज की फ्लाइट सप्ताह में एक दिन, जबलपुर उड़ान बंद

# बिलासपुर से दिल्ली और कोलकाता की सीधी उड़ान बंद, वाया अंबिकापुर उड़ेगी फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलायंस एयर ने बिलासपुर से उड़ान के परिचालन को एक बार फिर झटका लगा है। दिल्ली और कोलकाता की सीधी उड़ान बंद कर अब फ्लाइटों को वाया अंबिकापुर से चलाया जाएगा। समर शेड्यूल में बदलाव करते हुए अलायंस एयर ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है।

अलायंस एयर ने 28 मार्च से शुरू होने वाले समर शेड्यूल की घोषणा कर दी है। दिल्ली के लिए 4 दिन फ्लाइट बिलासपुर से मिलेगी लेकिन यह अंबिकापुर होकर चलेगी। इससे पहले एयर लाइन्स कंपनी ने दिल्ली के लिए डायरेक्ट फ्लाइट चलाने के घोषणा की थी, फ्लाइट सोम, बुध, शुक्र और शनिवार को चलेगी। साथ ही बिलासपुर से कोलकाता के लिए गुरू व शनिवार को फ्लाइट मिल सकेगी, यह फ्लाइट भी अंबिकापुर से होकर कोलकाता जाएगी। खास बात यह है कि यह दोनों फ्लाइट पहले सीधी उड़ान के तहत बिलासपुर से चलती थी। जगदलपुर, जबलपुर की फ्लाइट को ब्रेक लगा दिया गया है। वहीं प्रयागराज के लिए हफ्ते में एक फ्लाइट दी गई है। ऐसे में इन शहरों में यात्रा करने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार फिलहाल मंगलवार व रविवार को कोई फ्लाइट नहीं है, जबकि शनिवार को कोलकाता व दिल्ली की दोनों फ्लाइट मिलेगी।



#### संघर्ष समिति ने जताया एतराज

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने अलाइंस एयर के द्वारा जारी समर शेड्यूल में एतराज जाहिर किया है। सदस्यों ने कहा कि राज्य के छोटे हवाई अड्डो में इंडिगो जैसे एयरलाइंस के परिचालन में सरकार विफल रही है। वहीं सभी उड़ानें अलायंस एयर को ही दे दी है। सदस्यों ने कहा कि बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में उड़ान चलाने में एकलौती अलायंस कंपनी पर्याप्त नहीं है। सीमित विमान होने का खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है।

### रायपुर को मिल रही है सुविधा

दरअसल राज्य शासन ने ही अलाइंस एयर से रायपुर -जगदलपुर-हैदराबाद की उड़ान शुरू कर चुकी है। वहीं पहले से 3 रायपुर के बड़े विमान इंडिगो के हैदराबाद फ्लाइट मौजूद है। कई बार बिलासपुर से हैदराबाद की उड़ान की मांग की गई है, जिससे अनसुना कर दिया जाता है। बिलासपुर-जगदलपुर - हैदराबाद की फ्लाइट मिलने से यात्रियों को सुविधा मिल सकती है। लोगों का कहना है कि ज्यादातर हवाई सुविधा रायपुर के भरोसे ही प्रदेश में चल रही है।





गौरवशाली तृतीय वर्ष
जय श्रीराम
जयश्री राम
चलो चले
भक्ति-भाव लेकर
प्रभु रामलला के घर
मुख्य अतिथि
सतीष चंद्र दुबे
केन्द्रीय कोयला एवं खान
राज्य मंत्री, भारत सरकार
रामनवमीं के शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम जी के
ननिहाल छत्तीसगढ़ से जन्मभूमि अयोध्या धाम तक की भक्तिमय यात्रा
प्रवीण झा रामभक्त के नेतृत्व में 1008 भक्तों को
रामलला के दर्शन का शानदार तृतीय वर्ष...
नि:शुल्क अयोध्या यात्रा
प्रतिवर्ष 1008 दर्शनार्थियों का जत्था
25 मार्च 2026 सुबह 11 बजे
पुलिस ग्राउंड, बिलासपुर
प्रवीण झा
राम प्रताप सिंह
मुकेश झा
अमरेन्द्र कंठ
त्रिभुवन सिंह
रिंकू मित्रा
हरिशंकर कुशवाहा
राजीव अग्रवाल
उचित सूद
अम्बिकेश पांडेय
रौशन सिंह
ललित पुजारा
सनद पटेल
अजीत पंडित
चन्द्रकिशोर प्रसाद
संजय द्विवेदी
जयदीप घोष
राकेश राय
शैलेन्द्र सिंह
निहारिका त्रिपाठी
सन्नी गिरी
दिव्यांश झा
ईश्वर यादव
प्रमोद सिंह
विनय सिंह
माधव सिंह
प्रभात चौधरी
हर्ष सिंह
त्रिलोकी तिवारी
सागर साहू
बिक्की राय
नितीन श्रीवास्तव
प्रकाश देबनाथ
रितिक गिरी
रवि साहू
समर्पित जैन
रूपेश कुशवाहा
शुभेच्छु :-समस्त रामभक्त, बिलासपुर (छ.ग.)
J.J.Ad

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



भीषण गर्मी से पहले राहत पाने घर की छत पर चढ़ा रहे 'सफेद कवच', तापमान में 7 डिग्री तक की कमी

आयोजन

## आरएसएस ने जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपकरण बांटे



बिलासपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुनीत कार्यक्रम सेवा दिवस के रुप में प्रत्येक शाखा में मनाने प्रत्येक मंगलवार को नियत की गयी है। इयी तारत्मय में प्रभात संजीवनी शाखा में सेवा कार्य को मूर्तरूप देने व्हील चेयर, वाकर, पल्स-आक्सीमीटर, सक्शन मशीन,नेवुलाइजर उपकरणों सहित अन्य उपकरण दिए गए। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्तीय टोली के सदस्य डॉ विनोद तिवारी,नगर कारवाह माधव मिश्रा,उपनगर सेवा प्रमुख डॉ गजेंद्र साहू, शाखा सेवा प्रमुख डॉ मनोज सोमानी, शाखा कारवाह प्रफुल्ल मिश्रा, मुख्य शिक्षक गोविन्द पमनानी, उपनगर सम्पर्क प्रमुख अरूण निर्णेजक, प्रार्थना प्रमुख जयन्त यादव ,गटनायक शिरिष कुमार पाण्डेय सहित शाखा के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। इसका उद्देश्य जरुरतमन्दों को नि:शुल्क उपकरण उपलब्ध कराना है। इन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि किसी के पास उपयोग के पश्चात अनुपयोगी स्थिति में मेडिकल सामग्री घर में पड़ी हो वे शाखा सेवा प्रभाग से सम्पर्क कर सहयोग कर सकते हैं।

# गर्मी से बचने बाजार में सीआर लेंस की मांग, आंख पूरी तरह से ढंकी रहे, इसलिए चौड़े फ्रेम के चश्मे पहली पसंद

शहर में लगातार बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब पारंपरिक उपायों की ओर रुख कर रहे हैं। घरों की छत पर सफेद पेंट लगाया जा रहा है, जो गर्मी को मात देने में कारगर साबित हो रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो सफेद या परावर्तक पेंट सूर्य की किरणों को वापस लौटाता है, जिससे छत पर कम गर्मी जमा होती है। इस तकनीक के जरिए छत का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक और घर के अंदर का तापमान 3 से 7 डिग्री तक कम किया जा सकता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमन अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल में गर्म हवाओं और लू से पहले उपाय कर रहे हैं। इसमें 5 से 10 हजार तक खर्च आ रहा है। वर्तमान में वे लोग अधिक करा रहे हैं, जिनका छत पर कमरा है। न सिर्फ कम लागत में, बल्कि बिना किसी तकनीकी जटिलता के यह उपाय घर को ठंडा रखने में बेहद असरदार साबित हो रहा है। पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि बड़े पैमाने पर यह पहल अपनाई जाए तो यह शहरी ताप द्वीप प्रभाव को भी कम कर सकता है।



### पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की मांग

गर्मी में तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए बाजार में ब्रांडेड के साथ-साथ अब डिजिटल चश्मे की मांग बढ़ गई है। धूप और धूल से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए बड़े शोरूम में रोजाना 100 से अधिक लोग चश्मे खरीदने लोग पहुंच रहे हैं। दुकान के संचालक अनमोल झा ने बताया, ज्यादातर युवावर्ग स्टाइलिश रंगीन चश्मे खरीद रहे हैं। गर्मी में सर्वाधिक मांग पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की है। युवतियां बी-टू ग्लास, फोटो लेंस के साथ डिजाइनर चश्मे खरीद रही हैं। इसके अलावा बिना ब्रांड के चौड़े फ्रेम में कंट्रास्ट वाले चश्मों को भी पसंद किया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अब चश्मा पहनना शौक के साथ लोगों की मजबूरी भी बन गया है, इसलिए अप्रैल में बिक्री बढ़ी है।




### धूप से बचने यूवी ग्लास की डिमांड

तेज धूप से आंखों में जलन व खुजली के साथ लालिमा की समस्या लोगों में बढ़ रही है। डॉक्टर भी चश्मा पहनने की सलाह दे रहे हैं। बाजार में यूवी ग्लास, सूर्य की किरण से आंखों को बचाने वाले ग्लास, ड्राइविंग करते समय पहने जाने वाले चश्मे भी उपलब्ध हैं। डॉ ने बताया कि घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी के चश्मे का प्रयोग करें। चश्मे इस तरह के हों, जो आंखों को पूरी तरह से ढंक सकें। तेज गर्म हवा आंखों में पड़ने से एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है।

### ब्लूटूथ की सुविधा कर सकते हैं बात

महानगरों में इन दिनों डिजिटल चश्मा पहना जा रहा है। ट्रेंड के अनुसार डिजिटल चश्मे की मांग देखी जा रही है। शोरूम में यह चश्मा 6 हजार में उपलब्ध है, जिसमें धूप के अनुसार तीन अलग-अलग प्रकार से फ्रेम को सेट किया जा सकता है। इसमें ब्लूटूथ की सुविधा है. जिसकी मदद से कॉल कर बातचीत की जा सकती है। क्रोमा शोरूम के मयंक शर्मा ने बताया कि ब्रांडेड में ब्लूटूथ वाले चश्मे की बिक्री अधिक है। स्टाइलिश होने से युवावर्ग इसे पसंद कर रहे हैं। धूप में बाहर निकलने के अपने समय के अनुसार लोग चश्मे के रंग चुन रहे हैं।

शिविर

## तीन दिवसीय नि :शुल्क मधुमेह जांच शिविर 27 से

बिलासपुर। कुमार साहब स्व दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोनी द्वारा 27 मार्च से तीन दिवसीय नि:शुल्क मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27, 28 एवं 29 मार्च को प्रतिदिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्रत्येक दिन लगभग 75 मरीजों की जांच की जाएगी जिसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। पंजीयन 24 एवं 25 मार्च को सवेरे 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। मरीज अस्पताल के पंजीयन काउंटर पर उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन कर सकेंगे, जिससे उन्हें जांच हेतु दिनांक आबंटित किया जा सके। सभी जांच उपरांत मरीजों की रिपोर्ट 1 अप्रैल के बाद उनके पंजीकृत वाट्सअप नंबर पर भेजी जाएगी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर में मरीजों के लिए लीवर स्वास्थ्य का आकलन करने के लिए सोनोग्राफी (फैटी लीवर जांच) एवं लीवर स्टिफनेस जांच के लिए फाइब्रोस्केन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में लीवर जांच के साथ-साथ शारीरिक परीक्षण, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, लीवर फंक्शन टेस्ट एवं किडनी फंक्शन टेस्ट भी किए जाएंगे। उचित जीवनशैली के लिए आहार परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। मधुमेह मरीजों के लिए सभी जांच नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। डॉ.सिंह ने मरीजों से अपील की है कि वे इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं समय पर पंजीयन कराएं।





पुलिस मैदान में की गई भव्य तैयारी, भगवामय हुआ पुलिस ग्राउंड

# रामनाम से गूंजेगा पुलिस मैदान 1008 भक्त आज अयोध्या होंगे रवाना

बिलासपुर। रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या धाम के दिव्य दर्शन के लिए इस वर्ष का भव्य जत्था आज 25 मार्च को सिविल लाइन पुलिस मैदान से रवाना होगा। मंगलवार को रामभक्तों द्वारा सामूहिक जाप के साथ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। कुल 1008 भक्तों का यह विशाल समूह 25 एसी बसों से प्रस्थान करेगा। यात्रा की पहली सीट पर इस बार भी हनुमान जी विराजमान रहेंगे, जो पहले से आरक्षित है। यात्रा संयोजक प्रवीण झा की अध्यक्षता में लगातार बैठकें आयोजित की गईं, जिसमें व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। मंगलवार को आयोजन समिति के सभी सदस्य देर शाम तक जुटे रहे। आयोजन स्थल पर भव्य मंच और टेंट की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। स्वयंसेवक दल ने श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी संभाल ली है। यात्रा समिति के सदस्य रौशन सिंह ने कहा कि आज सुबह यात्रियों को दो घंटे पहले पुलिस मैदान में पहुंचना होगा। आई-कार्ड का वितरण 10:30 से 11:30 बजे तक किया जाएगा।भक्तों के लिए मूल पावती और आधार कार्ड लाना अनिवार्य रहेगा। बस में प्रवेश केवल आई-कार्ड और आधार कार्ड के सत्यापन के बाद ही दिया जाएगा। 25 एसी बसों में भोजन, जलपान और विश्राम की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यात्रा पूर्णतः निशुल्क रहेगी, सुरक्षा के लिए पुलिस बल और चिकित्सा दल की विशेष तैनाती की गई है। हर बस में एक स्वयंसेवक दल पूरे मार्ग में भक्तों की सुविधा का ध्यान रखेगा। आपात स्थिति में एंबुलेंस उपलब्ध रहेगी।

### केंद्रीय कोयला राज्यमंत्री दुबे शामिल होंगे कार्यक्रम में

केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे 25 मार्च को बिलासपुर आ रहे हैं। श्री दुबे फ्लाइट से दिल्ली से रायपुर पहुंचेंगे। रायपुर से रवाना होकर साढ़े ग्यारह बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। यहां पुलिस ग्राउंड में अयोध्या तीर्थ दर्शन यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद रायपुर रवाना होकर शाम छह बजे वे फ्लाइट से दिल्ली रवाना होंगे।



### दर्शनार्थियों का दो घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

यात्रा समिति के सदस्य रौशन सिंह ने कहा कि यात्रा में शामिल होने वाले सभी भक्तों को आज सुबह समय से दो घंटे पहले सिविल लाइन पुलिस मैदान में उपस्थिति दर्ज करनी होगी। यहां पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और आई-कार्ड वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आयोजन समिति ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के बाद आई-कार्ड नहीं दिया जाएगा। भक्तों को भगवा वस्त्र पहनने और आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की सलाह दी गई है।

धर्म-क्षेत्र

## आई तुलजा भवानी का 33 वां स्थापना दिवस मनाया गया





बिलासपुर। आई तुलजा भवानी का 33 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस संबंध में मराठा समाज के अध्यक्ष शशांक चौहान ने बताया कि कुदूदंड स्थित आई तुलजा भवानी मंदिर में माँ भवानी का 33 वां स्थापना दिवस मनाया गया। यहां सभी भक्तों ने एक साथ माँ भवानी की महाआरती कर आशीर्वाद लिया। आज की मुख्य पूजा प्रीति विनय बाकरे दम्पति द्वारा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# सप्तमी पर आज पदयात्री पहुंचेंगे महामाया मंदिर

बिलासपुर। शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में नवरात्रि श्रद्धा व उत्साह से मनाई जा रही है। सभी देवी मंदिरों में कलश का प्रज्वलन कर हर दिन देवी मां का विशेष श्रृंगार कर पूजा की जा रही है। वहीं श्रद्धालु भक्तों की भीड़ भी देखी जा रही है। बुधवार 25 मार्च को सप्तमी पर लोग महामाया रतनपुर जाने पैदल यात्रा करेंगे।

साल में गुप्त नवरात्रि सहित चार नवरात्रि होती है। इसमें चैत्र नवरात्रि का भी विशेष महत्व होता है। कलश प्रज्वलन के साथ जेवारा बोए जाते हैं। जसगीत गाकर माता की सेवा की जाती है। बुधवार 25 मार्च को सप्तमी पर लोग पैदल यात्रा कर रतनपुर पहुंच कर मां महामाया का दर्शन करेंगे। चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी 26 मार्च गुरुवार को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि 25 मार्च को दोपहर 1:50 बजे से शुरू होकर 26 मार्च की सुबह 11:48 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार इस दिन मां महागौरी की पूजा और कन्या पूजन करना शुभ माना जाता है। मां महागौरी देवी का आठवां स्वरूप है। 26 मार्च को कन्या पूजन के लिए सुबह 10:56 से दोपहर 2:01 के बीच बेहतर समय रहेगा। मान्यता है कि छोटी कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है, इसलिए उनका पूजन कर भक्त अपने व्रत को पूर्णता प्रदान कर देवी की कृपा प्राप्त करते हैं।





नवरात्रि में हर दिन हो रही देवी मां की पूजा विशेष श्रृंगार

### महामाया मंदिर में महाआरती

श्री महामाया मंदिर चुचुहियापारा में पिछले तीन सौ वर्षों से आस्था का केंद्र यह मंदिर बना हुआ है। इस मंदिर की खासियत है कि यहां लोग हर शुभ कार्य के लिए मंदिर के मिट्टी से शुभ कार्य की शुरुवात करते है, इस मंदिर में महाआरती नवरात्रि के प्रत्येक दिवस होता है। यहां का ज्वारा विसर्जन देखने दूर दूर से लोग आते है पूरे बिलासपुर में सबसे बड़ा और भव्य ज्वारा ज्योति कलश होता है।

## लीनेस क्लब मिडटाउन ने कराया कन्या भोजन



लीनेस क्लब बिलासपुर मिडटाउन की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस अमरजीत छाबडा ने नवरात्रि एवं पोते के जन्मदिन पर जूना बिलासपुर स्थित मन्दिर में कन्या भोजन कराया एवं कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर उनका पूजन किया। शिक्षण सामग्री के साथ फल, मिठाई, नमकीन, बिस्किट, चॉकलेट, रुमाल, पर्स एवं अन्य सामग्री दी। क्लब द्वारा 3 सौ लोगों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष नागमणि राव, एरिया आफिसर संध्या पांडेय, सदस्य शशि आहूजा, जीत उपवेजा, उषा सलूजा, सुचित्रा साव, सावित्री मिश्रा, आरती साहू, सुलोचना सिंह, आरती अम्बष्ट, प्रीति प्रसाद, रचना ताम्रकार उपस्थित रहीं।

स्पोर्ट्स

## क्रिकेट संघ बिलासपुर का अंडर-16 ट्रायल कल



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सभी वर्गो का इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच कराया जाएगा। जिसके लिए छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा सभी जिला को निर्देशित किया गया है की सभी वर्गो का ट्रायल कराया जाए। जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 26 मार्च को सुबह 9 बजे कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल में अंडर 16 ट्रायल लिया जाएगा। जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट,पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है और साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस देना होगा। इस वर्ष जो ट्रायल लिया जा रहा है वह 2026-27 सत्र के लिए लिया जाएगा जिसके लिए अंडर 16 के लिए इस वर्ष कट ऑफ डेट निर्धारीत किया गया है जो कि 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 तक रखा गया है । ट्रायल लाल ड्यूज बॉल्स से लिया जाएगा और सभी खिलाड़ी सफ़ेद वेश भूषा में ट्रायल देंगे।

कार्नर न्यूज

अटल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

# अन्न को कचरा नहीं, संसाधन मानें तभी मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 'खाद्य हानि एवं बर्बादी' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित इस महत्वपूर्ण आयोजन में विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने बढ़ती जनसंख्या, सीमित संसाधनों और खाद्य सुरक्षा की चुनौतियों के बीच 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को अपनाने पर बल दिया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य डॉ एडीएन वाजपेयी ने कहा, "भारतीय संस्कृति में 'अन्नं ब्रह्म' की पवित्र अवधारणा है, फिर भी आज 20-30 प्रतिशत अन्न की बर्बादी एक बड़ी विडंबना है। खाद्य संकट का समाधान केवल लैबोरेटरी या आधुनिक मशीनों में नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक सोच और जीवनशैली में परिवर्तन से आएगा।" उन्होंने छात्रों और युवाओं से अपील की कि वे संयमपूर्ण उपभोग अपनाकर इस वैश्विक समस्या का हिस्सा बनें और अन्न के प्रति सम्मान की भावना विकसित करें। कार्यक्रम की संयोजक एवं सहायक प्राध्यापिका रेवा कुलश्रेष्ठ ने स्वागत उद्बोधन में 'सर्कुलर इकोनॉमी' मॉडल की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने बताया कि खाद्य अपशिष्ट से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग, जैविक खाद, मूल्यवर्धित उत्पाद और बायो-एनर्जी जैसे नवाचार कैसे पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक लाभ भी दे सकते हैं।




### आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों पर जोर दिया

मुख्य अतिथि डॉ एसएस सेंगर ने फसल कटाई के बाद होने वाली हानि को कम करने के लिए कोल्ड चेन, स्मार्ट स्टोरेज और आधुनिक प्रसंस्करण तकनीकों पर जोर दिया। कुलसचिव डॉ तर्णीश गौतम ने 'प्लेट टू वेस्ट' की दूरी कम करने को मानवीय नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ा। विभागाध्यक्ष डॉ यशवंत कुमार पटेल ने बताया कि देशभर से प्राप्त 65 शोध पत्र इस विषय पर शोधकर्ताओं की गहरी रुचि और सक्रियता को दर्शाते हैं। इनमें वैज्ञानिक समाधान, नीतिगत सुझाव और व्यावहारिक मॉडल शामिल थे। कार्यक्रम के समापन पर सह-आयोजक डॉ सौमित्र तिवारी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, शोधकर्ताओं और आयोजन समिति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### 5 विद्यालयों में प्रार्थना शेड के लिए 50 लाख की स्वीकृति

**सकरी।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने तखतपुर विकासखंड के ग्राम खरकेना स्थित हेयर सेकेंडरी स्कूल परिसर में प्रार्थना शेड, कोड़ापुरी हेयर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना शेड, छतौना हेयर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना शेड, सकर्रा हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रार्थना शेड एवं खम्हरिया स्थित हाई स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए प्रार्थना शेड के लिए 50 लाख की राशि स्वीकृत की है। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, प्रत्येक विद्यालय में 10-10 लाख की लागत से प्रार्थना शेड का निर्माण होगा, इससे बच्चों को प्रार्थना के दौरान धूप में खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

## निधन

### विनीता (बरखा ) यादव

**बिलासपुर।** अशोक नगर सरकंडा निवासी विनीता (बरखा) यादव का 24 मार्च को निधन हो गया। वे 19 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे शिव यादव एवं सहोरिन यादव की पुत्री, राजू यादव एवं कृष्णा यादव की भतीजी थीं।



### राकेश बाटवे

**बिलासपुर।** ओमनगर जरहाभाटा वार्ड क्रमांक 21 निवासी राकेश बाटवे का 23 मार्च को निधन हो गया। वे 47 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 24 मार्च को दोपहर 1 बजे कस्तूरबा नगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजेश बाटवे, सुनील बाटवे, सतीश बाटवे के भाई एवं चैतन्य बाटवे के पिता थे।



### शिव कुमार सिंह ठाकुर

**बिलासपुर।** ग्राम कचरबोड जिला मुंगेली निवासी अरविंद नगर सरकंडा में रहने वाले शिव कुमार सिंह ठाकुर (छोटेलाल) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्ति धाम में किया गया। वे रामावतार सिंह, रामशरण सिंह, कृष्णा सिंह, गोपाल सिंह के भाई, ज्योति (रानी) के पिता थे।



### मंजू डड़सेना

**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सोहन डड़सेना की धर्मपत्नी मंजू डड़सेना का 44 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 मार्च को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे होरीलाल डड़सेना की पुत्रवधू और सोनू डड़सेना की भाभी थीं।



### देवकुंवर केंवट

**तखतपुर।** ग्राम बरेला निवासी देवकुंवर केंवट का 90 वर्ष की आयु में 24 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार बरेला मुक्तिधाम में किया गया। वे जंघू केंवट, भंगू केंवट की मां थीं।



### चंदन सिंह

**तखतपुर।** ग्राम गांधीनगर निवासी चंदन सिंह का 60 वर्ष की आयु में 24 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम गांधीनगर में किया गया। वे मोचन सिंह, मनोज सिंह, बलवंत सिंह, मंगल सिंह के चाचा व राकेश सिंह के पिता थे।



### साधकों को शीघ्र फल प्रदान करता है अनुष्ठान: पं अवस्थी

# रात्रिकालीन अनुष्ठान व मंत्रों की गूंज भैरव बाबा मंदिर बना साधना का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

धर्म नगरी रतनपुर में चैत्र नवरात्रि के दौरान आस्था और साधना अपने चरम पर है। विशेषकर श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर इन दिनों साधकों और श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र बन गया है, जहां दिन से अधिक रात्रिकालीन अनुष्ठान आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

मंदिर परिसर में विश्व कल्याण एवं जनकल्याण की कामना को लेकर अखंड दीप प्रज्वलित किया गया है, जिसके बीच निरंतर पूजा-अर्चना और हवन का क्रम जारी है। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर यहां वैदिक और तांत्रिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। महंत पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि, रात्रिकालीन अनुष्ठानों में भैरव सहस्त्रनाम एवं विभिन्न साबर मंत्रों के उच्चारण के साथ विशेष हवन संपन्न किया जा रहा है। यह साधना अत्यंत प्रभावशाली मानी जाती है, और साधकों को शीघ्र फल प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि, हवन में दी जाने वाली आहुति अग्नि





के माध्यम से भगवान को समर्पित होती है, जिसे दिव्य भोग के रूप में स्वीकार किया जाता है। इससे ईश्वर शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि, लोगों की आस्था इन विशेष अनुष्ठानों से जुड़ती जा रही है। भक्त न केवल दर्शन-पूजन कर रहे हैं, बल्कि रात्रिकालीन साधना में शामिल होकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव भी कर रहे हैं।

### सोंठी मां मन्नादाई में देवी भक्ति की अद्भुत बयार, उमड़े श्रद्धालु



सीपत क्षेत्र के वनांचल ग्राम सोंठी में इन दिनों चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्ति, आस्था और मानवता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। बगलामुखी मां मन्नादाई मंदिर में आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् देवी भागवत कथा में जहां एक ओर हजारों श्रद्धालु देवी महिमा में डूबे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर एक प्रेरणादायी पहल ने पूरे क्षेत्र को भावुक कर दिया। राष्ट्रीय कथावाचिका दीदी हेमलता शर्मा के मधुर एवं संगीतमय प्रवचनों से प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। 551 तेल ज्योति एवं 21 घृत ज्योति कलशों की दिव्य आभा के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। इसी पावन अवसर पर कथा के मुख्य यजमान एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा के प्राचार्य रामेश्वर जायसवाल ने अपने जन्मदिन पर 23 मार्च को एक ऐतिहासिक और भावुक निर्णय लेते हुए मृत्यु के बाद देहदान का संकल्प लिया। जैसे ही उन्होंने मंच से यह घोषणा की, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा, वहीं अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई।



# महतारी वंदन की राशि से महिलाएं करा रहीं श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पेण्डरवा में महिला समिति कुर्मी समाज एवं ग्राम की अन्य महिलाओं द्वारा महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का चंदा एकत्रित कर भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में पूरे गांव का सराहनीय सहयोग रहा और ग्रामवासी श्रद्धा व उत्साह के साथ कथा में शामिल हुए।

कार्यक्रम में कथावाचक पं देवशरण दुबे ने रविवार को श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह तथा श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के अंतिम दिवस समस्त देवी-देवताओं का विधिवत हवन-पूजन कर विदाई दी गई तथा गंगा सतधारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस आयोजन के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश कश्यप, विमल कश्यप, रामप्रकाश कश्यप एवं रोहित कश्यप रहे, जबकि मुख्य यजमान के रूप में राजेश कश्यप एवं दीपा कश्यप ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में लतेलराम कश्यप, रवि कश्यप, राजकुमार धीवर, राम धीवर, सरपंच अंजनी बैगा, गौरी कश्यप, संध्या, लता, दीपा कश्यप, विद्या कश्यप, पुष्पा कश्यप, जतिन धीवर, प्रीतम धीवर, विष्णु कश्यप, बसंत कश्यप, भागवत धीवर एवं संतोष कश्यप का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर ग्राम के समस्त श्रद्धालु उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे और धार्मिक वातावरण में भागवत कथा का रसपान किया। आयोजन के लिए कई महिलाओं ने अपने महतारी वंदन की 2 माह और 4 माह तक की राशि दान की हैं।

# एनटीपीसी की पहल से बदलेगा आत्मानंद स्कूल का स्वरूप



### स्टेज शेड व साइकिल स्टैंड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

सीपत। एनटीपीसी सीपत की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सोमवार को लगभग 35 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय सीपत में स्टेज शेड एवं साइकिल स्टैंड निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

इस बहुप्रतीक्षित कार्य के शुरू होने से विद्यालय के विद्यार्थियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उनके शैक्षणिक व सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, तामेश्वर कौशिक सदस्य किसान मोर्चा, कांग्रेस के सहकारिता जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय, संदीप खरे, महामंत्री सतीश पाटनवार, शशिकांत साहू, सतीश खरे, प्राचार्या सरिता यादव सहित एनटीपीसी के अधिकारी एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने एनटीपीसी प्रबंधन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, इससे स्कूल के अधोसंरचना विकास को मजबूती मिलेगी और विद्यार्थियों को एक बेहतर, सुरक्षित व प्रेरणादायक वातावरण प्राप्त होगा। भूमिपूजन के अवसर पर तामेश्वर कौशिक ने कहा कि, एनटीपीसी सीपत द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा यह कार्य वास्तव में सराहनीय है।

### घर-घर सर्वे कर की जाएगी मरीजों की स्क्रीनिंग

# टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ



**मस्तूरी।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे 100 दिनों तक चलेगा।

मंगलवार को कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी एवं जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत ने किया। मुख्य अतिथि डॉ बांधी ने टीबी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए सभी मितानिनों को घर-घर सर्वे करने एवं प्लान बनाने के लिए कहा, ताकि सभी लोगों की टीबी स्क्रिनिंग हो सके। दामोदर कांत ने भी सभी मितानिनों को सहयोग करने एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को टीबी उन्मूलन में सहभागिता निभाने के लिए आव्हान किया। कार्यक्रम में सांदीपनी नर्सिंग कालेज से की छात्राओं ने टीबी से बचाव के संबंध में प्रचार- प्रसार, रोकथाम एवं भ्रांतियों को दूर करने व जनजागरूकता के संबंध में नाट्य कला का मंचन किया।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम 100 दिन कैम्पेन के तहत विकासखंड मस्तूरी के सभी 172 गांवों में लगभग 40 हजार 9497 लोगों का सर्वे किया जाना है। इसके अंतर्गत विकासखंड मस्तूरी अंतर्गत प्रत्येक गांव में विभागीय टीम बनाकर घर-घर सर्वे कर संभावित टीबी मरीजों की खोज की जाएगी। विकासखंड स्तर पर रिपोर्ट का संकलन कर बीईटीओ-बीडीएम के माध्यम से जिला स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर संतोष मिश्रा पूर्व विधायक प्रतिनिधि, विवेक त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भाजपा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार, बीईटीओ संतोष महिलांगे, बीपीएम भूपेन्द्र देवांगन, बीएएम संजय सिंह, बीडीएम रोधश्याम सूर्यवंशी, एसटीएस प्रखर मिश्रा, विकास शुक्ला फार्मासिस्ट, दिव्या पाण्डेय आरएमए, अभिलाषा सिंह स्टाफ नर्स, सुरेश मिरी लेब टेक्निशियन, घनश्याम साहू बीसी मितानिन कार्यक्रम, हीरालाल यादव सहित सांदीपनी कॉलेज के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं स्वास्थ्य मितानिन उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन रोधश्याम सूर्यवंशी बीडीएम एवं आभार प्रदर्शन भूपेन्द्र देवांगन बीपीएम ने किया।

# संगठन सृजन के तहत कांग्रेस की बैठक



**बोदरी।** नगर पालिका परिषद बोदरी में संगठन सृजन के तहत कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने वार्ड, बूथ, बीएलए नियुक्ति एवं गठन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कहा कि, वार्ड में बैठकें नियुक्तियां व गठन करने का सुझाव दिया। ब्लॉक संगठन सीजन प्रभारी प्रीति पटनवार ने कहा कि, ईमानदार व निष्ठावान लोगों का ही चयन करें। ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने सभी को मिलजुल कार्य काम करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन बिल्हा विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू ने किया एवं आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने किया। इस दौरान दिवाकर दुबे, बसंती गढ़ेवाल, राजू धुर्वे ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान अभिषेक दुबे को बोदरी मंडल प्रभारी बनाया गया।

# हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत



घटनास्थल पर लगी भीड़, इनसेट में मृतक।

**लोरमी।** ग्राम डिंडोल मुख्य मार्ग पर हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में युवक के सिर के ऊपर से हाइवा गुजरने के कारण उसके सिर व शरीर के चिथड़े उड़ गए। पुलिस ने हाइवा को जप्त कर लिया, वहीं वाहन चालक फरार बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च को दोपहर 3 बजे ग्राम डिडौल मुख्य मार्ग पर हाइवा सीजी 10 बीएम 3812 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को बुरी तरह कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि, बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

युवक की पहचान कुंज बिहारी राजपूत 35 वर्ष पिता चन्द्रभूषण राजपूत रानीगांव वार्ड निवासी के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार, मृतक नवरात्रि में ज्वारा कार्यक्रम में शामिल होने अपने ससुराल डिंडोल आया हुआ था एवं लौटने के दौरान वह हादसे का शिकार हो गया। मृतक घर का होनहार युवक था, जो दूध डेयरी के व्यपार से जुड़ा हुआ था। युवक की मौत की दुखद खबर से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे के बाद घटना स्थल पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा, जिसे पुलिस ने सामान्य कराया।

शव का पंचनामा एवं पीएम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

### कार्रवाई होगी

पंचनामा व पीएम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। दुर्घटनाकारित वाहन को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

-गणपति राव, एसआई

### स्पीड ब्रेकर बनेंगे

बुधवार को हैवी मालवाहक वाहनों की बैठक लेकर यातायात नियम तोड़ने वाले एवं शराब सेवन कर गाड़ी चलाने के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जोएगी। जल्द स्पीड ब्रेकर निर्मित होंगे।

- हरविंदर सिंह, एसडीओपी

### दुर्घटना में घायल पार्षद की पत्नी की इलाज के दौरान मौत

कोटा-पंडरिया मुख्य मार्ग पर 15 मार्च को मनियारी नदी बड़े पुल के पास हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं थीं। घायल मां की रायपुर एम्स में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार 15 मार्च रविवार को देरशाम कोटा-पंडरिया मुख्य मार्ग में मनियारी नदी बड़े पुल के पास वार्ड पार्षद सोहन डडसेना की पत्नी मंजू डड़सेना और उनकी बेटी खुशी डड़सेना स्कूटी से सब्जी खरीदने गई थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा सीजी 8 एबी 6491 के चालक ने पीछे से उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मंजू डड़सेना गंभीर रूप से घायल हो गईं, बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया। मंजू की हालत को देखते हुए उन्हें रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया था, जहां के दौरान 24 मार्च को उनका निधन हो गया।

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एल.आई.जी. (दीनदयाल आवास योजना) मंगला बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी. भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी. 980, मूल आबंटी श्रीमती सरिता मुखर्जी पति श्री एम. मुखर्जी, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 13.10.2006 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 23.03.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री विकास तिवारी पिता श्री अशोक तिवारी के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2, बिलासपुर (छ.ग.)**
**प्रारूप 'ख' (नियम 2 देखिए)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क. /अ-27/
ग्राम चांटीडीह प.ह.नं. 33

क्यों कि मौजा चांटीडीह प.ह.नं. 33 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सह-भूधारी दीनू देवांगन ने निम्न अनुसूची से विनिर्दिष्टि खाते में अपने भाग में बंटवारे के हेतु आवेदन किया है, तथा क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित किया गया है और सुनवाई दिनांक 30/03/2026 स्थान तहसील कार्यालय बिलासपुर पर 03:00 बजे नियत किया गया है, उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हो तथा अपनी आपत्तियां यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें।

उक्त दिनांक तथा स्थान पर उपस्थित न हो पाने तथा आपत्तियां प्रस्तुत न कर पाने की दशा में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ?

**खाते का विवरण**

सर्वेक्षण अंक/भू-खंडाक 228/110 (231/62, 232/62) क्षेत्रफल भू-राजस्व 0.0090 हे.

दिनांक 13.03.2026

**नायब तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना दिनांक 23/03/2026 का खण्डन**

दिनांक 23/03/2026 को शैलेष शर्मा पिता कृष्णगोपाल शर्मा निवासी साकेत अपार्टमेंट अग्रसेन चौक बिलासपुर छ.ग. द्वारा ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 27/2 रकबा 2.40 एकड के बारे में जो क्रय करने की सूचना प्रकाशित करायी है वह भ्रामक और असत्य है वस्तुतः उक्त जमीन के मालिक मेरा पक्षकार छोटे कुमार कुर्रे पिता स्व. झाडूराम कुर्रे निवासी ग्राम चिल्हाटी जिला बिलासपुर छ.ग. से शैलेष शर्मा से मात्र इतनी ही चर्चा हुई है कि खसरा नं. 27/2 रकबा 2.40 ए. में से 1.00 एकड़ को 1,20,00,000/- रूपये में क्रय करने का प्रस्ताव दिया है और 15,00,000/- रूपये का चेक दिया है ताकि अन्य किसी व्यक्ति को छोटे कुमार कुर्रे अपनी भूमि क्रय न कर सके। शेष बातें असत्य एवं भ्रामक होने से उक्त आम सूचना का खण्डन प्रकाशित करवा रही हूं।

सो सूचना जाने।

दिनांक-25/03/24
स्थान - बिलासपुर छ.ग.

**भवदीय**
**छोटे कुमार कुर्रे**
**वास्ते- अधिवक्ता**
**कुंती सिंह पवार**
**मो.नं. 7999309940**

**न्यायालय श्रीमान सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

व्य.वाद क्र.187A/2025
प्रो.क्र.15/2026

एस. चन्द्रशेखर राव + 02 अन्य

**विरूद्ध**

एस. रमादेवी 04 अन्य **बनाम :-**

(1) दीपाराव पति प्रभाकर राव उम्र करीब 55 वर्ष निवासी-वार्ड नं. 54, म.नं. 441/2, शिवमंदिर के पास. पोटर खोली, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) (2) एम. कान्तामा पति एम. सूर्यनारायण उम्र करीब 54 वर्ष निवासी-वार्ड नं. 52, एन.ई. कॉलोनी, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

वादी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध मौजा महमंद, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 19/5 रकबा 40X50=2000/0.018 हेक्टेयर (4.5 डिसमील) भूमि वाद पत्र की वादग्रस्त भूमि है, के संबंध में दावा वास्ते घोषणा, कब्जा एवं स्थायी निषेधाज्ञा हेतु वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसकी सुनवाई के लिए दिनांक 25/04/2026 को दिन के 11.00 बजे उत्तर देने के लिये नियत किया गया है। आप लोग न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिस सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आप लोगो को यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजो जो आपके कब्जे में हो पेश करें जिन पर प्रतिरक्षा आधारित है यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आप लोगो को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

अतः आज दिनांक 24/03/2026 के मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**न्यायालय सप्तम व्यवहार न्यायाधीश**
**कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, **स्वप्निलकुमार सुनीलराव सूर्यवंशी, पिता श्री सुनील हिलाल सूर्यवंशी,** निवासी बंगला नं. IV/A-3/2, रेलवे कॉलोनी, तितली चौक के पास, बिलासपुर (छ.ग.)-495001, यह घोषित करता हूँ कि मेरा पूर्व नाम **"स्वप्निलकुमार सूर्यवंशी"** था, जिसे परिवर्तित कर **"स्वप्निलकुमार सुनीलराव सूर्यवंशी"** कर लिया है।

अतः उपरोक्त नाम भविष्य में सभी शासकीय एवं विधिक अभिलेखों में मान्य होंगे।

दिनांकः 23 मार्च 2026
स्थानः बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांकः 14/03/2026

आवेदक देव कुमार पिता निर्मल सिंह मरकाम आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. जी.पी. कोरी 3. भागीरथी साहू

**विषयः-** सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

**संदर्भः-**न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/तह/ना.तह/वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 12/12/2024

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1050/1, 2288/1, 2293/1 रकबा 0.073, 0.1821, 0.174 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक देव कुमार निवासी सरगांव के द्वारा छ.ग.भू.राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 27/3/26 को समय-10.00 से 05.00 के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक, मोपका (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. / अ-6 अ/2025-26,
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

प्रति,
रूखमणी सिंगरौल पति घनश्याम प्रसाद सिंगरौल निवासी तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आवेदक लखिया बाई टोण्डे पति राकेश कुमार टोण्डे जाति सतनामी निवासी जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. व तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न. 160/7 रकबा 0.021. हे. भूमि स्थित है। वर्तमान आनलाइन राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि का रकबा में अनावेदिका का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में आपको आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 27/3/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 27/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा खपरी प.ह.नं. 27 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 104/7 रकबा 0.192 हेक्टेयर भूमि सरजू पिता घसियाराम जाति गड़ेरिया निवासी-लिदरी पोस्ट आफिस जरौंधा तहसील व थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में दर्ज है, उक्त भूमि को मेरे पक्षकार गंगाराम पिता पुन्नीराम जाति गड़ेरिया निवासी लिदरी पोस्ट आफिस जरौंधा तहसील व थाना तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा क्रय किया गया है तथा उक्त भूमि पर सन 2002 से अनवरत रूप से काबिज चला आ रहा है। रजिस्ट्री के समय खसरा नंबर 104/7 के स्थान पर खसरा नंबर 146/2 दर्ज हो गया था जिसे न्यायालय श्रीमान तहसीलदार तखतपुर के द्वारा संशोधित रजिस्ट्री कराये जाने का आदेश पारित किया गया है। भविष्य में संशोधित रजिस्ट्री होना है।

अतः इस आम सूचना पत्र के जरिये सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खपरी प.ह.नं.27 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 104/7 की भूमि को कोई भी व्यक्ति सरजू पिता घसिया राम से क्रय करने का सौदा नहीं करे, अन्यथा हर्जे व खर्चे के स्वयं जवाबदार होंगे।

सो सूचना जानें।

दिनांक -24.03.2026
स्थान - बिलासपुर छ.ग.

**भवदीय**
**वीरेन्द्र कुमार शर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**कार्यालय व निवास- मकान नंबर डी-169 यदुनंदन नगर, तिफरा जिला- बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 98267-15878**

**कार्यालय रा.नि.म. पेण्डारी, तह सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**सीमांकन / स्थल निरीक्षण सूचना**

दिनांकः 22/03/2026

प्रति,
सर्वश्री / श्रीमती 1. सौरभ चतुर्वेदी / शिवप्रसाद ...आवेदक 2. मनीष कुमार शिवकुमार 3. मनहरण, मन्नूलाल 4.पवन कुमार आजमानी 5.रामदयाल, 6. मंजू अग्रवाल 7. राहुल छाबड़ा 8. रामप्रसाद 9. रामचन्द, रामखिलावन 10. मनीष कुमार, रामनाथ पटेल, अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषयः-** सीमांकन / स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भः-** न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 17/03/2026

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम लोखण्डी प.ह.नं. 54 रा.नि. म. पेण्डारी तह. सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 144/3, 156/1, 157/2, 157/4, 158, 162/1, 162/3, 162/4, 170, 185 रकबा 0.170, 0.086, 0.097, 0.105, 0.186, 0.129, 0.049, 0.432, 0.121, 0.41) एकड़ /हेक्टेयर भूमि स्वामी सौरभ चतुर्वेदी पिता/पति शिवप्रसाद चतुर्वेदी के द्वारा सीमांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन / स्थल निरीक्षण दिनांक 26/03/2026 को लगभग 11.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**पेण्डारी, तह.सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालयः- प्रथम जिला न्यायाधीश मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
//ज्ञापन//

Civil Suit No.- 12-ए/2025
सुनवाई तिथि 09.04.2026
प्रोसेस नं. 92/26

एवन मंडलोई वगैरह ......वादीगण विरूद्ध
सूरजबाई वगैरह ....प्रतिवादीगण

प्रति,
पुष्पा पिता स्व. नंदूराम पति जगदीश निवासी संगवा देवरी तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)

**समंस/सूचना**

इस न्यायालय में वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरुद्ध स्वत्व की उद्घोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा, विभाजन एवं पृथक कब्जा का वाद प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको प्रतिवादी क्रमांक 03 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 09.04.2026 को नियत है।

अतः आप न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें।

अतएव आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर प्रकरण की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई कर निराकरण किया जावेगा।

यह आज दिनांक 20.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान :- मुंगेली, दिनांकः- 20-03-2026

(राकेश कुमार सोम)
प्रथम जिला न्यायाधीश,
मुंगेली (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास झल्फा (बिल्हा) बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास -114 मूल आबंटी श्री सैय्यद सलामत अली पिता स्व. श्री सैय्यद गुलाम अली के नाम पर आबंटित है। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 28.09.2023 को हो गई है। उनकी मृत्यु पश्चात उनकी पत्नि श्रीमती शमसून निशा पति स्व. श्री सैय्यद सलामत अली के नाम पर भवन नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### बिलासपुर प्रेस क्लब के पुनर्निर्माण का विधायक शुक्ला ने मुआयना किया



**बिलासपुर।** बिलासपुर प्रेस क्लब के पुनर्निर्माण कार्यों का सोमवार को दोपहर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने मुआयना किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा से अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अनेक सुझाव भी दिए। बेलतरा विधायक श्री शुक्ला ने करीब आधा घंटे तक प्रेस क्लब के हर निर्माण को बारीकी से परखा। इस दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने अब तक हुए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इसी सप्ताह के भीतर पूर्ण रूप से तैयार हो जाएगा। विधायक शुक्ला ने साज-सज्जा को लेकर कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विधायक के निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष के अलावा पत्रकार गणेश विश्वकर्मा, दिलीप अग्रवाल, रवि शुक्ला संतोष साहू, ओम अवस्थी, विकल्प तलवार, प्रवीण सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ की मासिक बैठक




**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें मंच के पं सुदेश दुबे साथी ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी तुर्काडीह रोड स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर के पूर्व दिशा में माता अन्नपूर्णा देवी के भव्य मंदिर का निर्माण एवं शिव जी, गणेश जी एवं हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। उक्त निर्माण कार्य के लिए मंच के बी के पांडेय प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 2 लाख भवन निर्माण प्रभारी मनोहर लाल मिश्र द्वारा 3 लाख संस्था ,गोपाल तिवारी 1 लाख, दिनेश बाजपेई 51 हजार रुपए एवं कमलेश मिश्र द्वारा 11 हजार रुपए एवं भवन के अंदर बर्तन व्यवस्था के लिए प्रभा बसन्त बाजपेई द्वारा 5 हजार रुपए देने की घोषणा का सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मंच द्वारा प्रकाशित हिन्दुस्तान की मासिक पत्रिका ब्रम्ह आलोक के 152 वे अंक का विमोचन रामशंकर शुक्ल एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने किया। इस अवसर पर अनूप पांडेय, गोपाल तिवारी, मनोहर लाल मिश्र, दिनेश बाजपेयी, कमलेश मिश्र, गुरूदेव शुक्ल, बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, महेश तिवारी, अशोक तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, योगेश मिश्र शामिल रहे।

### एयू में निर्माण कार्यों को लेकर राज्यपाल के नाम शिकायत



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में संचालित निर्माण कार्यों को लेकर अनियमितताओं की आशंका जताते हुए एनएसयूआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम प्रशासन के अधिकारियों से शिकायत की है। निर्माण कार्यों के संबंध में निष्पक्ष जांच की मांग भी की गई है। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी परिसर में निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन निर्माण कार्यों को लेकर यह आरोप लगाया जा रहा है कि यह कार्य एक शासकीय उपक्रम के माध्यम से कराया जा रहा है तथा कार्यों का मूल्यांकन दिल्ली के शेड्यूल ऑफ रेट एसओआर के आधार पर किया जा रहा है, जबकि छत्तीसगढ़ में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दरें प्रचलित हैं। इसके अलावा निर्माण कार्यों का अनुबंध जलसंसाधन विभाग उत्तर प्रदेश के माध्यम से अहमदाबाद स्थित एक शासकीय उपक्रम को प्रदान किया गया है। एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश सचिव रंजेश सिंह, पुष्पराज साहू, करन यादव, राजा खान, सुमित ठाकुर, वेद राठौर, विक्की आदि मौजूद थे।

### जेपी वर्मा महाविद्यालय में पक्षियों के लिए रखा गया दाना पानी



**बिलासपुर।** जेपी वर्मा महाविद्यालय के एनएसएस इकाई द्वारा पक्षियों के संरक्षण के लिए दाने पानी की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. श्याम लाल निराला ने बताया कि इसमें एनएसएसएस इकाई के क्रमांक -1 कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हेमंत खरे, इकाई क्रमांक - 2 के कार्यक्रम अधिकारी डा. अल्का शुक्ला, एनएसएस पूर्व दल नायक विकास ध्रुवे, अम्बुज कुमार द्विवेदी, एनएसएस यूनिट संगठन प्रभारी दिपेश कुमार, उप दल नायक हेमंत जायसवाल, दल नायिका अन्न पूर्णा देवांगन, स्वयं सेवक उत्तम चौहान, पीयूष सिंह, निवेश कुमार इंदवार, हिमांशु यादव, शशांक, अभिषेक, ज्वाला, साहिल, हिमेश, स्वयं सेविका निक्की द्विवेदी, ज्योति, श्रेया, पूजा, सिमरन, कुकुम, तनिशा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पालिटिक्स प्लस

### मिश्रा भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के बने प्रदेश पदाधिकारी



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी जीवन मिश्रा को भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ का प्रदेश पदाधिकारी नियुक्त किया गया है।उनकी नियुक्ति से निश्चित ही प्रकोष्ठ के कार्यों में तेजी आएगी और संगठन मजूबत होगा।

**उपलब्धि** नई दिल्ली में वाटर डाइजेस्ट अवार्ड 2026 के अंतर्गत जलशक्ति राज्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

# जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए एसईसीएल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

**बिलासपुर।** जल संरक्षण एवं औद्योगिक जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) को वाटर डाइजेस्ट अवार्ड 2026 के अंतर्गत "इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल वाटर मैनेजमेंट एंड स्ट्यूअर्डशिप अवार्ड" से सम्मानित किया गया है।

23 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान जल शक्ति राज्य मंत्री, भारत सरकार राज भूषण चौधरी के करकमलों से प्रदान किया गया। एसईसीएल की ओर से यह पुरस्कार कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र द्वारा ग्रहण किया गया। यह सम्मान एसईसीएल द्वारा संचालित खान जल के सदुपयोग के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है। इस योजना के माध्यम से खदानों से निकलने वाले जल को आसपास के क्षेत्रों में जल संकट को कम करने के साथ-साथ स्थानीय किसानों को सिंचाई करने जल उपलब्ध कराया जा रहा है।




### जल संरक्षण हमारे लिए प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक : सीएमडी

इस अवसर पर एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा कि "जल संरक्षण हमारे लिए प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। एसईसीएल सतत एवं जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्ध है, और खान जल का सदुपयोग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से हम न केवल संसाधनों के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित कर रहे हैं, बल्कि आसपास के समुदायों, विशेषकर किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए भी कार्य कर रहे हैं।" एसईसीएल की इस पहल से जहां एक ओर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है, वहीं किसानों को सिंचाई के लिए विश्वसनीय जल स्रोत मिलने से अब वे वर्ष में दो फसलें लेने में सक्षम हो रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ क्षेत्र में सतत जल प्रबंधन को भी मजबूती मिली है, जो समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**पैसों की बरबादी :** एफओबी में चलकर यात्री थकान महसूस करेंगे

# डेढ़ किमी लंबा बना दिया एक नया एफओबी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहला ऐसा स्टेशन बनने जा रहा है, जहां यात्रियों को चार साल से नए प्लेटफार्म की सौगात नहीं मिल सकी है। गाड़ियों की आवाजाही और स्टापेज के लिए 10 प्लेटफार्मों का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य के तहत प्लेटफार्म का काम पूरा कर लिया गया है, वहीं एफओबी बनकर तैयार हो गया है। इसकी लंबाई एक से डेढ़ किलोमीटर की है, जहां चलकर यात्री थकान महसूस करेंगे। इस एफओबी फिनिशिंग व अन्य कार्य करना बाकी है। वहीं चुचुहियापारा की ओर रहने वाले और अन्य यात्रियों को अब नए प्लेटफार्म और अन्य कार्यों को पूरा होने का अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में फिलहाल 8 प्लेटफार्म हैं, जिनमें प्लेटफार्म नंबर 1 से लेकर 5 तक हावड़ा-मुंबई मार्ग की ट्रेनों के अलावा अन्य एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और लोकल ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, रायपुर और कटनी की ओर से रायगढ़ और कोरबा की ओर जाने वाली मालगाड़ियां भी प्लेटफार्म पर घंटों खड़ी रहती हैं।

प्लेटफार्म नंबर 6, 7 और 8 पर कटनी और रायपुर से आने वाली गाड़ियों का स्टापेज दिया जाता है और बिलासपुर पहुंचने के बाद इन गाड़ियों को कोचिंग डिपो में मेंटेनेंस के लिए भेज दिया जाता है। हर दिन 200 से अधिक मालगाड़ियों और 60 से ज्यादा यात्री ट्रेनों का संचालन होने के कारण प्लेटफार्म पर खड़ी गाड़ियों के चलते अन्य ट्रेनों के लिए जगह नहीं मिल पाती। कई बार प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी और यात्री गाड़ियां यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती है, क्योंकि ट्रेनें घंटों आउटर पर खड़ी रहती हैं। इसी समस्या के समाधान के लिए रेलवे ने नए प्लेटफार्मों के निर्माण की योजना बनाई है, जिसका काम कुछ दिन पहले तेजी से किया जा रहा था। इस कार्य की गति को देखकर जल्द ही पूरा होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन प्लेटफार्म और आधे अधूरे एफओबी को बनाकर काम ही बंद कर दिया गया है।

जोनल रेलवे स्टेशन में यह एफओबी ऐसा बनाया गया है, जिसे हावड़ा की ओर बने एफओबी के बजाय नागपुर की ओर बने एफओबी से जोड़कर विस्तार करते हुए घुमावदार बनाया गया है। यह एफओबी यात्रियों के बजाय केवल एक या दो लोगों के ही काम आने वाला है, जिसके लिए केवल पैसों की बरबादी की जा रही है।

### चुचुहियापारावासियों को सुविधा

प्लेटफार्म नम्बर 4-5 के बाद बन रहे नए प्लेटफार्म नम्बर 9-10 के बाद सबसे अधिक सुविधा चुचुहियापारा की ओर से स्टेशन तक पहुंचने वाले यात्रियों को मिलेगी। वर्तमान में चुचुहियापारा और सिरगिट्टी की ओर रहने वाले लोगों के लिए गेट नम्बर 4 में बने एफओबी का विस्तार किया गया है, जहां से लोगों को आने-जाने में कई बार आरपीएफ और टीटीई पकड़कर जुर्माना भी कर देते हैं। स्टेशन के दूसरी ओर लोगों के लिए नए प्लेटफार्म के साथ एक नए प्रवेश द्वार की सुविधा भी होगी, जहां लोग टिकिट लेकर अंदर प्रवेश कर सकेंगे।

### किया जाना है काम

रेल अफसरों के अनुसार बिलासपुर एसईसीआर जोन का पहला रेलवे स्टेशन होगा, जिसमें 1 से लेकर 10 तक सारे प्लेटफार्म पर ट्रेनों का स्टापेज दिया जाएगा। नए प्लेटफार्म निर्माण करने के साथ इलेक्ट्रिकल कार्य, सिग्नलिंग कार्य, लाइटिंग, यात्रियों के बैठने के लिए व्यवस्था, प्लेटफार्म पर पत्थर लगाने के अलावा अन्य कार्य किए जाएंगे, जिसमें कुछ समय लग सकता है। इस कार्य के पूरा होने के बाद विशेषकर चुचुहियापारा की ओर रहने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिल सकेगी।

### रैंप सहित एफओबी

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 के बाद दो नए प्लेटफार्म का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में पांच नम्बर प्लेटफार्म और उसके बाद बनी लाइन के उपरांत दो नई रेल लाइन का निर्माण किया जा चुका है, जहां मालगाड़ियों का परिचालन हो रहा है। वहीं नए प्लेटफार्म बनाने के बाद ठेकेदार ने एक ओर एफओबी का निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया है और दूसरी ओर का काम अधूरा छोड़ दिया है। इसमें यात्रियों को रैंप के साथ दूसरी ओर प्लेटफार्म पर उतरने के लिए सीढ़ियों का भी उपयोग की सुविधा दी जानी है।

### संबंधित विभाग को सूचना

जोनल स्टेशन बिलासपुर के चुचुहियापारा यानि प्लेटफार्म नम्बर 4-5 के बाद एक नया प्लेटफार्म बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके अब तक पूरा नहीं होने की सूचना भी मिली है। यह कार्य अब स्टेशन रि डेवलपमेंट के साथ ही आगे किया जाएगा। जहां तक नया एफओबी बनाया जा रहा है। यह कार्य मानकों कें हिसाब से किया गया है, फिर भी संबंधित विभाग को सूचना देकर इसकी जांच कराई जाएगी।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## एजुकेशन प्लस

# एलसीआईटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**बिलासपुर।** एलसीआईटी में 10 से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें देश-विदेश के शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों ने भाग लेकर अपने शोध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सोसाइटी फॉर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया। सम्मेलन में कुल 143 शोध पत्र चयनित किए गए, जो 8 विभिन्न देशों से प्राप्त हुए थे। इनमें कनाडा, फ्रांस, स्कॉटलैंड, साउथ कोरिया सहित अन्य देशों के शोधकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट वक्ताओं में डा. एचएस होता,

डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया, कार्तिक कम्भमपाटी, डॉ. रोहित राजा तथा डॉ. जेपी पात्रा ने सहभागिता की और अपने व्याख्यानों के माध्यम से शोध, तकनीकी विकास और उद्योग-शिक्षा सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के चेयरमैन प्रमोद जैन ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। वाइस चेयरमैन अंकित जैन ने कहा कि एलसीआईटी शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे अकादमिक आयोजनों का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम में उपकार राय ,वाइस प्रिंसिपल शुभि श्रीवास्तव , विष्णु कांत सोनी , अमित अवस्थी एवं नितेश नेमा, प्रियंका शुक्ला, प्रियंका रजक, अन्वेष पांडे एवं अंकिता छेत्री का विशेष योगदान रहा।

# एरीन में ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत

**बिलासपुर।** आज के डिजिटल युग में एनीमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स इंडस्ट्री तेजी से उभरती हुई करियर इंडस्ट्री बन चुकी है। फिल्मों, ओटीटी प्लेटफॉर्म, गेमिंग, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है।

एरीना एनिमेशन बिलासपुर के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि इसे ध्यान में रखते हुए एरीना एनिमेशन द्वारा विद्यार्थियों के लिए विशेष समर एनिमेशन कैंप तथा 12वीं के बाद ग्रेजुएशन डिग्री प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इस कैंप में बच्चों को ओरिगामी, जूट क्राफ्ट, पेबल आर्ट, ग्लास पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, ट्राइबल मास्क, फायर-फ्री कुकिंग, कैलिग्राफी, लिपन आर्ट विद मंडला, वॉल डेकोर जैसी रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ ग्राफिक्स डिजाइनिंग, कंटेंट क्रिएशन, आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस, वेब डिजाइनिंग जैसी आधुनिक डिजिटल स्किल्स सीखने का अवसर मिलेगा।

12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए बी ओस इन एनीमेशन का विशेष डिग्री प्रोग्राम भी उपलब्ध है, जो छात्रों को एनीमेशन, वीएफएक्स और डिजाइन के क्षेत्र में प्रोफेशनल स्किल्स के साथ ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान करता है। इच्छुक विद्यार्थी और अभिभावक अधिक जानकारी के लिए एरीना एनिमेशन बिलासपुर, सीएमडी चौक में संपर्क कर सकते हैं ।

# स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में गुटखा, पान और तंबाकू उत्पादों की बिक्री नहीं होगी : कलेक्टर

**बिलासपुर।** जिले में नशा नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक रणनीति तैयार की है। इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोटपा एक्ट, एनकार्ड एवं सड़क सुरक्षा समिति की संयुक्त बैठक लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी रजनेश सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि स्कूल और कॉलेजों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की गुटका, पान एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने ऐसे दुकानों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही



स्कूल प्रबंधन को भी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नशा केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि एक सामाजिक चुनौती है, जिससे निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि 100 मीटर के दायरे में संचालित पान-गुटका दुकानों का सर्वे कर सूची तैयार की जाए। सड़क सुरक्षा पर कलेक्टर ने कोटा क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित एवं मानकों के विपरीत बनाए गए स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं।

### इस वर्ष 12 नए उद्योग स्थापित, 50 करोड़ से अधिक का पूंजी निवेश

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। इसका आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा किया गया, जिसमें जिले में निवेश, उद्योग स्थापना और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य महाप्रबंधक सी.आर. टेकाम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान हुए निवेश की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष 12 नए उद्योग स्थापित हुए हैं, जिनमें कुल 50 करोड़ 80 लाख रुपये का पूंजी निवेश हुआ है। इन उद्योगों के माध्यम से 237 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही बैठक में शासकीय एवं निजी भूमि के संयुक्त निरीक्षण, भूमि हस्तांतरण एवं अर्जन से संबंधित प्रकरणों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि अभिलेखों में स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित भूमि पर कोई वन क्षेत्र या पेड़-पौधों का विवाद न हो, जिससे निवेश प्रक्रियाएं बाधित न हों। सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**रेलवे ने टिकिट बुकिंग और रद्द करने की पुरानी परंपरा को बदला**

# आठ घंटे पहले टिकिट रिफंड से मिलेगा पैसा, बाद में नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल प्रशासन ने टिकिट बुकिंग और रद्द करने की पुरानी परंपरा को बदल दिया है। इसके अनुसार यात्रियों को अब 8 घंटे पहले टिकिट केंसिल करने पर रिफंड की राशि वापस मिलेगी। ट्रेन रवाना होने से 7 घंटे पहले अगर कोई यात्री टिकिट केंसिल करेंगे तो उनकी पूरी राशि रेलवे काट लेगी। इस नए नियम के बाद लाखों की संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

मंगलवार को रेलवे बोर्ड ने आरक्षण बुकिंग में एक नया नियम लागू कर दिया है। स्लीपर और एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे बुकिंग कार्यालय के साथ आईआरसीटीसी की वेबसाइट के जरिए सुविधाएं मिल जाती हैं। वहीं अचानक किसी कारणवश कुछ कार्य व



इमरजेंसी आने से यात्री अपनी टिकिट केंसिल कर देते हैं, जिसमें कंफर्म टिकिट और वेटिंग टिकिट की अलग-अलग 25 से 75 फीसदी राशि रेलवे की ओर से काट ली जाती है। इसका फायदा कई बार टिकिट दलालों को होता है, जो कंफर्म टिकिट देने की आड़ में यात्रियों से अतिरिक्त कमाई करते हैं। रेलवे ने इस समस्या से निपटने के लिए एक नियम जारी कर दिया है। अब ट्रेन के रवाना होने से 48, 12 और 4 घंटे पहले टिकिट रद्द करने की पुरानी परंपरा यानि समय-सीमा को बदलकर 72, 24 और 8 घंटे किया गया है। यह बदलाव आरक्षण चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया के अनुरूप किया गया है, जो अब रवाना होने से 4 घंटे पहले के बजाय 9 से 18 घंटे पहले तैयार किया जाता है।

यात्रियों से इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। आरक्षण चार्ट पहले से तैयार होने से यात्रियों को होने वाली अनिश्चितता कम होती है, जिससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्री बेहतर योजना बना पाते हैं और दूरदराज के इलाको से आने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलती है। चार्ट पहले से तैयार होने से सफर के वैकल्पिक इंतजाम करना आसान हो जाता है, खाली बर्थ का बेहतर उपयोग हो पाता है और पारदर्शिता भी बढ़ती है।

### कहीं भी हो जाएगा रिफंड

रेलवे के अनुसार अब देश के किसी भी रेलवे स्टेशन से काउंटर टिकिट रद्द किया जा सकेगा। इसके साथ ही टिकिट केवल उस स्टेशन पर रद्द करने की पुरानी पाबंदी को भी हटाया गया है, जहां से यात्रा शुरु होनी थी। ई-टिकिट के लिए टिकिट डिपाजिट रसीद टीडीआर जमा करने की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। अब टिकिट रद्द करने पर रिफंड अपने आप ही मिल जाएगा। यात्रियों के हित में एक नया कदम उठाते हुए यात्री प्रस्थान 30 मिनट पहले तक अपनी यात्रा की श्रेणी क्लास को अपग्रेड कर सकेंगे, जबकि पहले यह बदलाव केवल चार्ट तैयार होने से पहले तक ही संभव था।

# बर्जेस स्कूल के बच्चे ले रहे समर कैंप का आनंद

**बिलासपुर।** बर्जेस अंग्रेजी शाला में 17 मार्च से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को जुंबा डांस, ट्रेडिशनल डांस,आर्ट एंड क्राफ्ट, मिट्टी से दिये बनाना, ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शारीरिक देखभाल के लिए फिजियो थैरेपिस्ट और डेंटिस्ट के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। शाला की प्राचार्या निशिता हंसा दास ने बताया कि समर कैंप का आयोजन बच्चों के समय का सदुपयोग के साथ विभिन्न गतिविधियों से परिचय कराना है, जहां बच्चे परीक्षा के बाद ज्यादा से ज्यादा समय अन्य कामों में समय बर्बाद करते हैं, वहीं कैंप के माध्यम से उन्हें अच्छे कामों में समय लगाने की सीख दी जा रही जो उनकी



प्रतिभा को निखरता है। समर कैंप में इवेंट के एक्सपर्ट के द्वारा सिखाना हमारी प्राथमिकता है।

कैंप में विशेष रूप से जावेद अली, सीमा सिंह, आकांक्षा ताम्रकार, रेणु महाजन, जोआना के द्वारा योगदान दिया जा रहा है ।

## खबर संक्षेप

### चाकू सहित बदमाश युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लहराकर लोगों को धमकाने वाले बदमाश युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सूचना मिली शनिचरी रपटा के पास एक युवक चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर राजेश उर्फ गोलू पासी पिता शंकर पासी 27 साल को पकड़कर चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा बेचने वाले तीन आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** पुड़िया में गांजा बेचने वाले दो नाबालिग व एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को सूचना मिली क्षेत्र में कुछ लोग सक्रिय होकर पुड़िया में गांजा बेच रहे हैं। उन्होने स्टाफ के साथ तिफरा विष्णु चौक निवासी रमन वर्मा 20 साल व दो नाबालिगों को पकड़ लिया। तीनों के पास से 1 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत तीनों पर कार्रवाई की है।

### ट्रैक्टर से युवक गिरा चक्के में दबकर मौत

**बिलासपुर।** रेत लेकर जा रहे ट्रैक्टर से एक युवक नीचे गिर गया। उसके ऊपर से चक्का चल जाने से मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत थाना के एसआई शिव सिंह बक्साल ने बताया, डगनिया निवासी महेन्द्र कुमार कश्यप पिता हरप्रसाद कश्यप 32 साल ट्रैक्टर चालक के साथ नदी में रेत लेने गया था। गाड़ी में रेत भरने के बाद वह चालक के साथ पीछे ट्राली में रेत पर बैठ गया। चालक के द्वारा रेत घाट में तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाने से महेन्द्र कश्यप उछल कर नीचे गया और ट्रैक्टर का चक्का उसके ऊपर से चल जाने से उसकी मौके पर ही कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** घरवालों को मेला देखने के लिए भेजकर युवक ने घर में पंखे पर लायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, बिरकोना निवासी सत्यानारायण खैरवार 24 साल प्राइवेट काम करते थे। 23 मार्च को वह पत्नी सहित परिवार के अन्य सदस्य को शिवनी मेला देखने जाने के लिए अशोकनगर चौक में बस बैठाया। उसके बाद घर जाकर अपने कमरे में पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों ने उन्हें फांसी पर लटके देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया था। 24 मार्च को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है।

### पाकिटमारी करने वाली महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रतनपुर मां महामाया मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला व पुरूष से पाकिटमारी कर 5 हजार रुपए चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक महिला को गिरफ्तार कर चोरी की रकम जब्त कर ली है। रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस अंशिका जैने बताया, 23 मार्च को मां महामाया मंदिर में दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई थी। भीड़ का फायदा उठाते हुए एक महिला व एक पुरूष के साथ पाकिटमारी कर 5 हजार रुपए चोरी कर लिया था। पीड़ितों की शिकायत पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने जांजगीर अकलतरा पीपरपट्टी निवासी गौरी डेढे को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर महिला ने चोरी करना स्वीकर कर लिया है। पुलिस ने उससे चोरी की रकम 5 हजार रुपए जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि हर साल रतनपुर मां मंदिर में भीड़ को देखते हुए चोरी करने के लिए सक्रिय रहते हैं। चोरी की वारदात को देखते हुए मंदिर के चप्पे चप्पे में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे से संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। इसके अलावा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात होकर सुरक्षा ड्यूटी कर रही है।

**वाहन का हाल बेहाल, परिजनों को होती है समस्या**

**मेंटेनेंस किसी भी विभाग के पास नहीं, खटारा वाहनों को रोज लगाते हैं धक्का, अफसर उदासीन**

# विडंबनाः पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाने परिजनों को देना पड़ा 'मुक्तांजली' को धक्का

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग के दावे की पोल खोलती हुई एक तस्वीर सिम्स अस्पताल में मिली। जब पीएम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाते समय मुक्तांजली वाहन बंद हो गया। इस दौरान ड्राइवर की लाख कोशिशों के बाद भी जब वाहन चालू नहीं हो सका तो परिजनों को ही मेहनत करनी पड़ी। इन्हें वाहन को दो बार धक्का देकर चालू करना पड़ा।

मंगलवार की सुबह 11 बजे बहतराई निवासी कमल यादव को तालाब में डूबने के बाद सिम्स लाया गया था, लेकिन सिम्स लाते तक उसकी मौत हो गई। परिजनों 2 घंटे तक पीएम का इंतजार किया और सिम्स ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया, लेकिन इसके बाद भी परिजनों की समस्या खत्म नहीं हुई। घंटे भर की देरी के बाद आए स्वास्थ्य विभाग के 1099 मुक्तांजली वाहन ने उनका दर्द ओर बढ़ा दिया। दरअसल मुक्तांजली वाहन का ड्राइवर कई बार वाहन को चालू करने का प्रयास करता रहा, लेकिन वाहन चालू नहीं हो सका, जिसके बाद परिजनों को ही धक्का मार कर वाहन को चालू कराना पड़ा, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की इस सुविधा को परिजन कोसते रहे। खास बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग ने भले ही लोगों की सहूलियत के लिए सुविधा शुरू की है, पर इसका मेंटनेंस किसी भी विभाग के पास नहीं है। ऐसे में खटारा वाहनों के रोजाना लोगों को दिक्कतें होती हैं, लेकिन ना तो स्वास्थ्य विभाग इस पर कभी संज्ञान लेता है और ना ही अधिकारियों की संवेदनशीलता दिखाई दे रही है।




फोटो : प्रकाश परिहार

### सुपरवाइजर रहता है गायब

खास बात यह है कि सिम्स में ही मुक्तांजली वाहन के सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है, पर सुपरवाइजर फोन पर ड्यूटी देता है। मुक्तांजली की आवश्यकता होने पर परिजनों को उसे फोन करना पड़ता है, कई बार फोन भी रिसिव नहीं होता है। ऐसे में परिजनों को निजी वाहन पर ही शव को ले जाना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी भी है, लेकिन सुपरवाइजर पर कार्रवाई करने का अधिकारी सीधे रायपुर के अधिकारियों को है। ऐसे में मुक्तांजली वाहन की सुविधा मजाक बनकर रह गई है।

**अभी टू-लेन, लेकिन बेहद जर्जर हालत में है सड़क**

# फोरलेन बनेगी कोनी-मोपका सड़क 80 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी



कोनी-मोपका की खराब सड़क का होगा जीर्णोद्धार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी-मोपका सड़क को सरकार ने फोरलेन बनाने की मंजूरी दे दी है। शासन द्वारा कोनी से मोपका तक 13 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क को फोरलेन बनाने 80 करोड़ रूपए की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। फोरलेन बनने के बाद यह सड़क बिलासपुर-सीपत-बलौदा रोड से बिलासपुर-रतनपुर कोरबा जाने वालों के आवागमन के लिए एक बेहतर विकल्प साबित हो सकेगी।

कोनी से मोपका के बीच 13.40 किलोमीटर लंबी सड़क अब फोरलेन बनाई जाएगी। शासन द्वारा सोमवार को ही इस सड़क को फोरलेन बनाने संबंधी 80 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। अपनी बेहद जर्जर स्थिति से बीते कई वर्षों से गुजर रही यह सड़क फोरलेन बनने के बाद अपनी अच्छी स्थिति में पहुंच सकेगी। क्षेत्रीय विधायक के द्वारा भविष्य की संभावनाओं एवं आने वाले समय में इस सड़क पर बढ़ते यातायात के दबाव को ध्यान में रखकर इस सड़क को फोरलेन बनाने की शासन से मांग की गई थी। आखिरकार शासन को फोरलेन बनाने की मंजूरी देनी पड़ी।

### नए सिरे से होना था टू-लेन का निर्माण, इससे पहले ही फोरलेन की मंजूरी

कोनी से मोपका के बीच यह सड़क शुरू से आखिर तक बेहद जर्जर थी। विभाग के अनुसार इसका निर्माण वर्ष 2012-13 के दौरान किया गया था, लेकिन लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क जर्जर होती गई। विगत लंबे समय से बेहद जर्जर हालत वाली इस साढ़े सात मीटर चौड़ी टू-लेन सड़क को नए सिरे से बनाने की मंजूरी हाल ही में शासन द्वारा दी गई थी। इसके लिए राशि भी जारी की जा चुकी थी व निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होने ही वाली थी। टू-लेन सड़क निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ हो पाती इससे पहले ही सरकार ने अब इसे फोरलेन बनाने की मंजूरी दे दी।

### जर्जर सड़क में न केवल आवागमन धंधे भी पूरी तरह ठप

यह सड़क इतनी जर्जर हालत में है कि न केवल भारी, बल्कि हल्के चारपहिया वाहन भी इस मार्ग में आवागमन करने से बच रहे हैं। सड़क पर इतने बड़े गड्ढे हैं कि बारिश के दौरान वाहन पलटने की घटनाएं आम हो चुकीं थीं। इस मार्ग पर आवागमन करने वाले वाहनों की संख्या में काफी कमी होने के कारण यहां संचालित व्यवसाय भी लगभग बंद ही कर दिए गए थे। व्यवसाइयों को कर्मचारियों की पगार, बिजली बिल व अन्य खर्चों की पूर्ति के लायक भी आमदनी नहीं हो रही थी, जिससे उन्हें काम बंद करना ही मुनासिब लगा था। फोरलेन सड़क बन जाने के बाद अब सारे व्यवसाय पुनर्जीवित हो सकेंगे।

### कांक्रीट की होगी पूरी सड़क

इस सड़क का निर्माण प्रारंभ से लेकर अंत तक कांक्रीट का किया जाएगा। डामरीकरण कहीं भी नहीं होगा। इस सड़क का निर्माण दोनों ओर से साढ़े सात मीटर चौड़ाई में किया जाएगा। इसी तरह नेशनल हाईवे की तर्ज पर बीच में ढाई मीटर का डिवाईडर भी बनाया जाएगा, जिसमें प्लांटेशन भी किया जा सकेगा।

### टेंडर हो चुका है

कोनी-सेंदरी सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी मिली है। दोनों ओर साढ़े सात मीटर चौड़ी सड़क के बीच ढाई मीटर का डिवाईडर बनाया जाएगा। पूरी सड़क कांक्रीट की बनाई जाएगी। टेंडर लगाया जा चुका है। निर्माण की प्रक्रिया भी शीघ्र ही प्रारंभ कर दी जाएगी।

**-सुनीलचंद्र शर्मा**, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी कोनी सब डिवीजन



रिंग रोड टू गौरव पथ स्थित कबाड़ी की दुकान में लगी आग।

# मोटर पंप की चिंगारी से कबाड़ दुकान में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोटर पंप की चिंगारी से कबाड़ दुकान आग लगने से हड़कंप मच गया। दमकल के पानी से आग पर काबू पा लिया गया है। आग से कबाड़ जल गया है।

रिंग रोड टू गौरव पथ शराब दुकान के बगल में सालिक कबाड़ी की दुकान व गोदाम है। ऊपर घर में वह परिवार के साथ रहता है। गोदाम के पीछे में मोटर पंप लगा हुआ है और बोरियों में प्लास्टिक, खाली शीशी सहित अन्य कबाड़ के सामान रखे हुए थे। मंगलवार की शाम 7 बजे नल चालू होने पर घरवालों के द्वारा मोटर पंप चालू किया गया। पंप के चिंगारी से कबाड़ सामान में आग लग गई। कुछ देर बाद दुकान व घर के अंदर धुंआ भर जाने से दुकान संचालक ने गोदाम में जाकर देखे तो कबाड़ के सामान में आग लगी हुई थी। आग लगने की खबर से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कबाड़ दुकान संचालक ने तत्काल पुलिस व फायरब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस व एसडीआरएफ की टीम एक दमकल पानी लेकर कबाड़ दुकान पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम बिजली कनेक्शन बंद कराने के बाद पानी डालकर आग बुझाने में जुट गए। 1 घण्टे में आग पर काबू पा लिया गया है। आग से कबाड़ का सामान जल गया है।



### आवागमन बाधित

मुख्य मार्ग में कबाड़ दुकान व गोदाम होने से आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दुकानों के सामने लोगों की भीड़ व सड़क में दमकल खड़ी होने से आवागमन बाधित हो गया। लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक साइड वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

# स्कार्पियो में लिखा पुलिस और बाउंसरों को बैठा दिया

**वीडियो वायरल होने पर गाड़ी जब्त, गाड़ी मालिक गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत की गई कार्रवाई

स्कार्पियो में पुलिस लिखकर बाउंसर को बैठा दिया और गाड़ी शहर में घुमाने लगा, सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी के निर्देश पर सिविल लाइन पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर गाड़ी मालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को सोशल मीडिया में आगे व पीछे पुलिस लिखी स्कार्पियो में तीन चार बाउंसरों के बैठकर घूमते हुए वीडियो जोरो से वायरल हो रहा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने वीड़ियो को गंभीरता से लेते हुए एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल को स्कार्पियो की पतासाजी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वीड़ियो के आधार पर उन्होंने सिविल लाइन पुलिस के साथ स्कार्पियो संचालक करबला निवासी विरेन्द्र जैन पिता प्रवीण कुमार जैन को पकड़कर पुलिस लिखी स्कार्पियो को जब्त कर लिया है। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, गाड़ी जब्त कर संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच के बाद गाड़ी में बैठकर घूमने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है उक्त स्कार्पियो पूर्व में पुलिस विभाग में चल रही थी। कुछ माह पूर्व में निजी वाहनों को पुलिस विभाग से हटा दिया है।




आरोपी से जब्त स्कार्पियो।



आरोपी।

### पूर्व में निजी चालक वसूली करते पकड़े गए थे

पिछले दिनों कोटा में पूर्व में पुलिस विभाग में अधिग्रहित निजी वाहन चालकों ने क्राइम ब्रांच के फर्जी सिपाही बनकर एक व्यक्ति से झूठे एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल भेजने की धमकी देकर 54 हजार रुपए की वसूली कर ली थी। उक्त मामले में कोटा पुलिस ने 6 निजी चालकों को गिरफ्तार कर लिया था। उक्त मामले में जीपीएम का एक आरक्षक फरार है।

### सख्त कार्रवाई होगी

निजी गाड़ी में पुलिस, जिला प्रशासन व अन्य विभाग का बोर्ड व नाम लिखाकर आवागमन करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। स्कार्पियो में पुलिस लिखकर वीडियो बनाकर वायरल करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

**- रजनेश सिंह**, एसएसपी

### नाकाबंदी के बीच भाग गए चेन स्नेचर

**बिलासपुर।** बाइक सवार युवक दो महिलाओं को शिकार बनाकर सोने की चेन लूटकर पुलिस की नाकाबंदी के बीच आसानी से भाग गए। इधर दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों की सुराग नहीं लगा पाई है।

ज्ञात हो 23 मार्च को बाइक सवार राजकिशोर नगर निवासी तुलिका बाजपेयी स्कूटी के गले में झपट्टा मारकर ढाई तोला सोने की चेन लूटकर भाग गए। वारदात के बाद शहर के चौक चौराहे पर पुलिस बल नाकाबंदी कर चेन स्नेचर की पतासाजी में लगी हुई थी। इसी दौरान सिविल लाइन क्षेत्र में वैष्णवी विहार मंगला में रहने वाली शोभना भाण्डेकर पिता गुरू प्रसाद 23 मार्च की रात 10 बजे रेलवे स्टेशन से अपनी स्कूटी से भाई दीपांशु के साथ व्यापार विहार होते हुए घर जा रही थी। स्कूटी पंचर होने पर वे धीरे धीरे जा रही थीं। पल्लव भवन पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार चेन स्नेचर शोभना के गले से 1 तोला वजनी सोने की चेन लूटकर अपने साथी के साथ बाइक में बैठकर भाग गया और नाकाबंदी में लगे पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी। इधर दूसरे दिन भी पुलिस चेन स्नेचरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# युवक को टक्कर मारकर अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, लगी आग



**बिलासपुर।** मंगलवार की रात 9 बजे लोखंडी में एक युवक लक्ष्मण केवट को टक्कर मारकर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीचे उतरकर पेड़ से टकरा गई। कार की रफ्तार तेज होने से कार में आग लग गई जिससे कार पूरी तरह से जल गई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से आग बुझाया गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# 3 वर्ष की बालिका के सिर में फंसी गगरी, सुरक्षित निकाली गई

**बिलासपुर।** खेलते हुए 3 वर्षीय बच्ची ने सिर पर ही स्टील की गगरी बुरी तरह फंस गई। गगरी इसतरह से फंस गई थी की उसका चेहरा और गर्दन पूरी तरह से जकड़ गया था। परिजन ने गगरी को निकालने का भरकस प्रयास किया लेकिन असफल रहे। आपात स्थिति में बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। सिम्स के डाक्टरों ने बच्ची की जान बचा ली है।

सिम्स में उस समय विपरीत स्थिति दिखाई दी जब 3 वर्षीय बच्ची के सिर पर गगरी फंसी रही। वह इस दौरान रोती रही और अपनी मां और पिता को याद करती रही। इसी स्थिति में परिजनों ने उसे सिम्स के आपातकालीन विभाग में लाया। डाक्टरों ने इमरजेंसी को देखते हुए चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकों की टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सावधानीपूर्वक इसे निकलाने का प्रयास किया। इस दौरान डॉ. बी डी.तिवारी के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम ने विशेष उपकरणों की सहायता से स्टील की गगरी को काटकर बच्ची के सिर से सुरक्षित बाहर निकाला ली। पूरी प्रक्रिया सतर्कता और कुशलता के साथ की गई, और बच्ची को चोट तक नहीं पहुंची। डॉक्टरों के अनुसार परिजनों द्वारा घर पर गगरी निकालने के प्रयास में बच्ची के सिर और गर्दन में हल्की चोटें आई थीं।



### सतर्कता बरती जानी चाहिए

अभिभावकों को छोटे बच्चों के खेलने के दौरान ऐसी वस्तुओं को दूर रखा जाना चाहिए। कई बार खेल मंहगा साबित हो जाता है। आपात स्थिति में घर पर प्रयास करने के बजाय तुरंत चिकित्सकीय सहायता ली जानी चाहिए। सतर्कता और समय पर चिकित्सा सहायता से कई बार अनहोनी टाल जाती है।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स



## खबर संक्षेप

### महिलाओं को दी गई अधिकार व कानूनों की जानकारी



**मुंगेली।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष गिरिजा देवी मेरावी के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगेली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में महिलाओं को उनके संरक्षण एवं सशक्तिकरण संबंधी कानूनी अधिकार की जानकारी साझा करते हुए घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण कानून, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन, महिला हेल्पलाइन नंबर व अनियमित जीवन शैली और स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में जानकारी देते हुए नियमित मेडिटेशन और व्यायाम करने हेतु जागरूक किया गया तथा शिकायत की प्रक्रिया, संविधान के मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्य, नालसा हेल्पलाईन नं 15100, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध एवं नये कानून की जानकारी दी गई। साथ ही साथ चेक बाउंस, उपभोक्ता फोरम, मोबाईल फोन के लाभ व हानि की जानकारी दी। उक्त शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

### मेडिकल टीम ने विश्व क्षय दिवस मे जागरूकता अभियान



**लोरमी।** विश्व क्षय दिवस के अवसर में पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में क्षय रोग के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीबी रोग के लक्षण, जांच, उपचार एवं रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जनसमूह को 'टीबी मुक्त भारत अभियान' में सक्रिय सहयोग हेतु प्रेरित कर शपथ दिलाई गई। इस मौके पर बीएमओ डॉ जीएस दाऊ ने कहा, विश्व टीबी दिवस हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य टीबी की महामारी के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है एवं स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक कर इस बीमारी के निदान व इलाज को बढ़ावा देना। इस अवसर पर ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी जीएस दाऊ, नप उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, मेडिकल टीम अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, जीवन साहू, राजेश छारिया, दीपक साहू, पंकज ठाकुर, राजेंद्र साहू, जीतेन्द्र राजपूत, हरिश देवांगन, अवधेश राजपूत, विकासखंड प्रबंधक शैलेन्द्र पाण्डेय, एसटीएस शिव प्रसाद कमल पात्रे उपस्थित रहे।

### रविन्द्र बने भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष



**पथरिया।** नगर के युवा छात्र नेता को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने रविन्द्र बघेल को पथरिया मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। क्षेत्र के महाविद्यालयीन के छात्र-छात्राओं के बीच अच्छी पकड़ रखने वाले रविन्द्र बघेल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि, संगठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है, उसका जिम्मेदारी और गंभीरता से निर्वहन करूंगा।

### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने संतोष



**पेंड्रा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों का संतुलन बनाते हुए जिम्मेदारियों सौंपी गई हैं। इसी क्रम में पूर्व महामंत्री संतोष ठाकुर को एक बार फिर महामंत्री का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं में संतोष ठाकुर की मजबूत पकड़ बताई जाती है।

### सूरज बने भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव



**भर्रीडांड़।** छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले के पत्रकार सूरज यादव को भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ युवा इकाई प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर के प्रस्ताव और राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बलराम मिश्र के निर्देशानुसार की गई है।

### कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकरण के निर्देश

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मंगलवार को जनदर्शन सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में विकासखंड लोरमी के ग्राम बेड़ापारा निवासी गजेन्द्र पाल ने शौचालय निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारी को शौचालय निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में विकासखंड मुंगेली के ग्राम नवलपुर निवासी रोशनी ने सहायिका भर्ती प्रक्रिया, लोरमी में अनियमितता, नियमों के उल्लंघन एवं अपात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति को लेकर आवेदन सौंपा।

---

**बड़े बजट के साथ जिला प्रशासन कराएगा दो दिवसीय आयोजन**

# 8 वर्ष बाद फिर हो रही मल्हार महोत्सव की वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

छत्तीसगढ़ी लोक कला, लोक संस्कृति के सबसे पुराने मंच 'मल्हार महोत्सव' की 8 साल बाद एक बार फिर से वापसी हो रही है। 'मल्हार महोत्सव' इस बार बड़े बजट के साथ शुरू होगा, जिसकी तैयारी प्रशासन की ओर से जोर-शोर की जा रही है।

जानकारी के अनुसार यह आयोजन 28 व 29 मार्च को मेला चौक मल्हार में होगा। आयोजन को लेकर प्रशासन ने मेला चौक के व्यापारियों को जल्द ही जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया है। वहीं लोक कलाकारों को प्रस्तुति देने आमंत्रित भी कर लिया गया है, जल्द ही इसकी आधिकारिक घोषणा होगी। अधिकारियों ने आयोजन स्थल का दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए।



### मुख्यमंत्री साय ने की थी घोषणा

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद नगर के साथ क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर थी। डेढ़ वर्ष पहले बिलासपुर में रामसेतु लोकार्पण व दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान तत्कालीन मल्हार महोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी की मांग व केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की अनुशंसा पर मल्हार महोत्सव को फिर से प्रारम्भ करने की घोषणा करते हुए सीएम ने 5 लाख की जगह 20 लाख की राशि स्वीकृत की थी। इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि, जल्द ही महोत्सव का आयोजन होगा, लेकिन दो वर्षों में राजनीतिक उठापटक के चलते क्षेत्र का लोकप्रिय महोत्सव विवादों की भेंट चढ़ गया था।



### लोक संस्कृति व समरसता का गौरवशाली मंच

लोककला, लोक संस्कृति, एकता और सामाजिक समरसता की भावना को बलवती बनाने के लिए लोक गीत, लोक संगीत, लोक नृत्य को परिष्कृत तथा आमजन को छत्तीसगढ़ी गीत संगीत से जोड़ने के लिए तत्कालीन मध्यप्रदेश सरकार ने मल्हार महोत्सव 1986 में प्रारम्भ किया था। हालांकि कुछ अवरोध व राजनीतिक उदासीनता के कारण यह परंपरा 8 वर्षों से बंद थी, लेकिन अब छत्तीसगढ़ सरकार ने स्थानीय लोगों की उम्मीद के अनुसार बड़े बजट के साथ महोत्सव को फिर से शुरू करने का बीड़ा उठाया है।

### इन कलाकारों ने दी है प्रस्तुति

मल्हार महोत्सव में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकार दुर्ग के बैतलराम साहू, दाऊ सिंह चन्द्राकर सहित पंडवानी गायिका तीजनबाई व ऋतु वर्मा ने भी प्रस्तुति दी है। साथ ही देवार गीत के लिए रेखा देवार को अब भी लोग याद करते हैं। इसी तरह राजनांदगांव के पीसी लाल यादव, बिलासपुर के प्रसिद्ध लोक गायक शिवकुमार तिवारी, लालजी श्रीवास, अल्का चन्द्राकर, सुरुज बाई खांडे ने भी महोत्सव में प्रस्तुति दी है। इसके अलावा सीमा कौशिक, नीलकमल वैष्णव, लक्ष्मण मस्तूरिहा, बद्री सिंह कटेलिहा, दलीप लहरिया, बालमुकुंद पटेल सहित स्थानीय कलाकारों ने मल्हार महोत्सव में धूम मचाई है। बस्तर के गेड़ी नृत्य, रायगढ़ के कर्मा नृत्य, संगीत सरिता बालको, केदार यादव दुर्ग के नवा बिहान, गंडई पंडरिया का दूध मोंगरा, उस्ताद इस्माइल दददू खान भोपाल का तबला, मिस्टर मोरिस फ्रांसीसी कलाकर लोक गीत, मोर मयारू माटी मस्तूरी, मोर नंगरिहा किसान लोहरसी, पंथी नाच पेंड्री ने भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति को अपने कला के माध्यम से जागृत करने लगे थे। इन कलाकारों को एक बार फिर से देखने व सुनने क्षेत्र के लोग आतुर हैं।

---

**बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु**

# विहिप ने निकाली 600 मीटर लंबी चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा 22 मार्च को भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अनुपम उदाहरण बनी। यह यात्रा गिरारी स्थित सिद्ध शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर पेंड्रा के दुर्गा मंदिर तक निकाली गई।

यात्रा के दौरान लगभग 600 मीटर लंबी चुनरी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। इस पावन यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं-बहनें देवी स्वरूप में शामिल हुईं, जिन्होंने भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा, आरती और स्वागत के साथ यात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया। यह आयोजन स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य एवं संत महानंद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान शुभम नाग, सौरभ देवांगन, विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, हर्ष छाबरिया, प्रकाश साहू, सागर पटेल निखिल परिहार, सरोज पवार, प्रिया त्रिवेदी, शिखा सिंह, अनीता मांझी, विमला वासुदेव, नवीन विश्वकर्मा, भूपेंद्र चौधरी, दीपक कश्यप, प्रदीप कुमार, दिलीप विश्वकर्मा, विनय पांडे, शुभम गुप्ता, अनुराग पांडे, दीपक विश्वकर्मा, बृजेश पुरी, रविंद्र कुमार, राजा कश्यप, पुरन यादव, राहुल साहू, आदित्य सोनी, दिशा मानिकपुरी एवं कुसुम गौतम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों ने सफल आयोजन के लिए सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों, प्रशासन एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।

### दुर्गा मंदिर में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जिले के पेंड्रा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना हुआ है। इस संपूर्ण आयोजन का संचालन एवं समन्वय मंशा अग्रवाल एवं उनकी टीम की ओर से किया जा रहा है। महोत्सव के पहले दिन ओपन क्विज प्रतियोगिता एवं दूसरे दिन पर किड्स एवं महिला वर्ग के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित हुई। सी तरह तीसरे दिन ड्रॉइंग प्रतियोगिता, चौथे दिन मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, गरबा म्यूजिकल चेयर, पांचवें दिन नवरात्रि तंबोला एवं डांडिया सजाओ प्रतियोगिता, छठवें दिन डांस एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। आगामी कार्यक्रमों के तहत सातवें दिन भजन संध्या एवं आठवें दिन ग्रैंड गरबा नाइट आयोजित की जाएगी। पूरे नौ दिनों तक लकी ड्रॉ भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 ग्राम चांदी का सिक्का, द्वितीय पुरस्कार 5 ग्राम चांदी का सिक्का एवं अन्य 9 आकर्षक उपहार रखे गए हैं।



---

# मजबूत बूथ ही जीत का आधार: गंगोत्री

**संगठन सृजन अभियानः ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस की बैठक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत बेलपान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के नेतृत्व में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम एवं बूथ कमेटियों के गठन के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की ठोस रणनीति बनाई गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में कांग्रेस के विचारों को घर-घर तक पहुंचाने का जज्बा स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि, मजबूत बूथ ही जीत का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, वे हर गांव, हर गली और हर बूथ पर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से स्थापित करें। ग्राम एवं बूथ तखतपुर प्रभारी अमित यादव ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत गांव के कार्यकर्ता हैं, और जब गांव जागेगा तो सत्ता अपने आप बदलेगी। ब्लॉक अध्यक्ष अभ्युदय तिवारी ने कहा कि, कांग्रेस का कार्यकर्ता संघर्ष से घबराने वाला नहीं, बल्कि हर चुनौती को अवसर में बदलने वाला होता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि, वे एकजुट होकर बूथ स्तर तक संगठन को अडिग और मजबूत बनाएं। बैठक को संबोधित करते हुए शिवबालक कौशिक, जितेंद्र पाण्डेय एवं आतमजीत सिंह मक्कड़ ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकता पर जोर दिया। इस अवसर पर बीजा मंडल अध्यक्ष अभय कौशिक, जरौधा मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र कौशिक एवं बेलपान मंडल अध्यक्ष गोविन्द साहू बिसाहू कश्यप, अनिल कौशिक, नितिन सेंगर, चंद्रकुमार भारती, देवी डडसेना, संतोष मानिकपुरी, बलदाऊ शेष, शंकर सिंह, कुंजबिहारी ध्रुव,सहनवाज खान, आरिफ, आसु कौशिक, जयकरन दास, भागीरथी विश्वकर्मा, भूपेंद्र यादव, जलेश विश्वकर्मा, राम रजक, बिहारी देवांगन, सुनील जांगड़े, विक्की कश्यप, राजन कौशिक, शिशुपाल नेताम, प्रदीप पाली, अजय गहवाई, असदराम, टेकराम साहू, रामाबोल कौशिक, लक्ष्मी मरकाम, डग्गा यादव राजेंद्र कुमार, बलराम जायसवाल, परमेश्वर मीरे, राजेश कौशिक, भानु अनंत आदि मौजूद थे।

---

## मां सीता सखी मातृशक्ति ग्रुप ने किया कन्या पूजन

**तखतपुर।** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां सीता सखी मातृशक्ति ग्रुप की ओर से नगर के श्रीराम मंदिर में कन्या पूजन व कन्या भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा-आराधना व भगवान श्रीरामचंद्र की मंगल आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छोटी बच्चियों को कन्या भोजन कराया गया। गौरतलब है कि, चैत्र नवरात्रि की इस अवसर पर कन्या भोजन छोटी बच्चियों का सम्मान किया गया, ताकि समाज में हर घर में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का भाव रहे एवं लोग बेटे और बेटियों के बीच कोई भेदभाव ना करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मां सीता सखी मातृशक्ति ग्रुप की सदस्याएं उपस्थित रहीं।



---

# कार्यकर्ता की निष्ठा ही संगठन की शक्तिः धर्मजीत

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी तखतपुर मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान-2026 के अंतर्गत मोहन वाटिका में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसका शुभारंभ तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने किया।

- पं दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान के तहत भाजपा की कार्यशाला

इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यशाला की शुरुआत सुबह पंजीयन एवं स्वागत सत्र से हुई। इसके बाद उद्घाटन सत्र में संगठन की विचारधारा, कार्यप्रणाली एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गईइस मौके पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा, कार्यकर्ता पार्टी की मुख्य भूमिका में रहते है, कार्यकर्ता की निष्ठा ही संगठन की शक्ति है। विशिष्ट अतिथि हर्षिता पांडे ने कहा कि, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक हैं, हमें उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि, कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं, उनकी सक्रियता और समर्पण से ही पार्टी को मजबूती मिलती है। डॉ माधवी वस्त्रकार ने सोशल मीडिया एवं आईटी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, आज के समय में डिजिटल माध्यम संगठन को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी साधन है। कार्यक्रम में विभिन्न सत्र आयोजित हुए, जिसकी अध्यक्षता अश्वनी शर्मा, अशोक ठाकुर, बंशी कश्यप, सुरेश पाठक, कमला क्षत्रिय ने किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रमोद ठाकुर, प्रीतम कश्यप ने किया एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू ने किया। प्रशिक्षण अभियान में विशेष रूप से संतोष कौशिक, हनी पांडेय, कृष्ण कुमार साहू, लव पांडेय, गुलजीत खुराना, ईश्वर देवांगन, वंदना सिंह, विशाल सिंह, दिनेश साहू, दुर्गा साहू, संदीप खांडे, मालती यादव,लता कश्यप, रजनी देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।



---

# राज्य चैंपियनशिप में क्षेत्र के मुक्केबाजों ने दिखाया दम

### दीप्ति स्वर्ण, निखिल व अखिल ने जीते कांस्य पदक

**लोरमी।** 17वीं छत्तीसगढ़ राज्य यूथ एवं जूनियर बालक-बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप 26 का आयोजन 21 से 23 मार्च 2026 तक जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स हाउसिंग बोर्ड भिलाई में हुआ। प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में मुंगेली जिला एम्योचोर बॉक्सिंग संघ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। जूनियर बालिका वर्ग के 66 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में दीप्ति राजपूत ने बेहतरीन मुक्केबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने दर्शकों और आयोजकों का दिल जीत लिया।वहीं जूनियर बालक वर्ग में 54 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में अखिल सिंह राठौर ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर टीम का मान बढ़ाया। इसी क्रम में 70 से 75 किलोग्राम भार वर्ग में निखिल सिंह राजपूत ने भी दमदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यूथ खिलाड़ियों में मानस सिंह राजपूत, हिमेश कुमार व अमिता राजपूत ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी विखं खेल केंद्र लोरमी में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। जिला टीम के प्रशिक्षक मुकेश सिंह राठौर व बालिका मैनेजर अंकिता राजपूत थीं। खिलाड़ियों की सफलता में प्रशिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रशिक्षण से खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की।




---

**टीबीमुक्त भारत अभियान कार्यक्रम में 74 ग्राम पंचायतें सम्मानित**

# जनभागीदारी व जागरूकता से अभियान को मिलेगी सफलता: मोहले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

विश्व क्षय दिवस 2026 के अवसर पर जिले में 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत जनदर्शन सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

इस दौरान विधायक पुन्नूलाल मोहले मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री मोहले ने कहा कि, वर्ष 2026 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया गया है, और इस दिशा में मुंगेली जिले द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि, जनभागीदारी और जागरूकता से ही इस अभियान को सफलता मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने कहा कि, प्रदेश सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य आम जनता को बेहतर सुविधा देना था। यह मशीन लोकार्पण के इंतजार में धूल खा रही है, और अब तक इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पाया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिले को टीबी मुक्त बनाने एवं संकल्प लेने की बात कही। सीएमएचओ शीला साहा ने बताया कि, वर्ष 2025 में जिले में 11 हजार 807 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई, जिसमें 824 टीबी मरीजों की पहचान हुई। टीबी मुक्त होने वाले 74 ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करते हुए गांधी जी प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, उपाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार अपर कलेक्टर जीएल यादव, डिप्टी कलेक्टर मायानंद चंद्रा, एवं एनएचएम के डीपीएम गिरीश कुर्रे सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहे।अतिथियों ने मोबाइल टीबी एक्सरे रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीबी एक्सरे रथ के माध्यम से 100 दिवस तक गांव-गांव जाकर मरीजों का जांच एवं उपचार किया जाएगा।




---

# दो चरणों में संपन्न होगा जनगणना-2027 का कार्य

**मुंगेली।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। यह प्रशिक्षण 25 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय दाउपारा में आयोजित किया गया है, जिसमें जिले के सभी फील्ड ट्रेनर्स की उपस्थिति अनिवार्य रखी गई है।

- फील्ड ट्रेनर्स को दिया जा रहा विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण

जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई 2026 के बीच पूरा किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर संपादित किया जाएगा, जिन्हें पूर्व में फील्ड ट्रेनरों द्वारा विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनरों को जनगणना की विस्तृत प्रक्रिया, डेटा संग्रहण के तरीके, तकनीकी उपयोग तथा सर्वेक्षण से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया जा रहा है कि, इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें टैबलेट, मोबाइल एप और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जानकारी दर्ज की जाएगी।